मुंबई (महाराष्ट्र) से प्रकाशित
हिन्दी दैनिक
# उत्तरशक्ति
मुंबई
वर्ष: 7 अंक 113
मंगलवार, 05 नवम्बर 2024
मूल्य 3 रुपए, पृष्ठ-6
RNI NO. MAHHIN/2018/76092
email ID- uttarshaktinews@gmail.com
www.uttarshakti.co.in
हर खबर निष्पक्षता के साथ

## उत्तराखंड में बस खाई में गिरने से 36 लोगों की मौत, कुछ लोग अभी भी लापता

**अल्मोड़ा, 04 नवम्बर।** उत्तराखंड से सोमवार की सुबह बेहद ही दर्दनाक खबर सामने आयी हैं। अल्मोड़ा जिले के मरचूला के पास 35-45 यात्रियों को ले जा रही एक बस के गहरी खाई में गिर गयी। और इस हादसे में 36 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई। इसके अलावा कम से कम पाँच लोग लापता हैं और 10 लोग घायल हो गए हैं। घायलों को ऋषिकेश के एम्स में भेजा गया है।

उत्तराखंड के अल्मोड़ा में सोमवार को एक बस के खाई में गिरने से 36 लोगों की मौत हो गई और 19 लोग घायल हो गए। बस में 30 से अधिक लोग सवार थे। यह बस पौड़ी जिले के नैनीडांडा से नैनीताल के रामनगर जा रही थी। पुलिस और राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) तथा राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) की टीमें मरचूला के सल्ट इलाके में दुर्घटनास्थल पर हैं और बचाव अभियान जारी है। सूत्रों के अनुसार, बस में क्षमता से अधिक लोगों का सवार होना दुर्घटना का एक कारण हो सकता है। अल्मोड़ा के पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पिंचा ने कहा कि मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है।

दुर्घटना के दौरान बस से गिरे यात्रियों ने सुबह करीब 9 बजे अधिकारियों को दुर्घटना की सूचना दी। उत्तराखंड के

**सरकार ने किया मुआवजे का ऐलान**



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मृतकों के परिजनों को 4-4 लाख रुपये और घायलों को 1-1 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है। उन्होंने कुमाऊं मंडल के आयुक्त को घटना की मजिस्ट्रेट जांच करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने क्षेत्र के सहायक क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) को निलंबित करने का भी आदेश दिया है।

मुख्यमंत्री ने हिंदी में एक्स पर एक पोस्ट में कहा, अल्मोड़ा जिले के मरचूला में हुई दुर्भाग्यपूर्ण बस दुर्घटना में यात्रियों के हताहत होने की बहुत दुखद खबर मिली है। जिला प्रशासन को राहत और बचाव कार्य तेजी से चलाने के निर्देश दिए गए हैं।

उन्होंने अपनी पोस्ट में कहा, दुर्घटना स्थल पर स्थानीय प्रशासन और एसडीआरएफ की टीमें घायलों को निकालने और उन्हें इलाज के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र ले जाने के लिए तेजी से काम कर रही हैं। जरूरत पड़ने पर गंभीर रूप से घायल यात्रियों को एयरलिफ्ट करने के भी निर्देश दिए गए हैं।

## उपचुनाव में दो विचारधाराओं के बीच जंग, कांग्रेस दर्ज करेगी जीत: सचिन पायलट

**जयपुर, 04 नवम्बर।** कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने सोमवार को कहा कि राजस्थान में उपचुनाव दो विचारधाराओं के बीच है और उनकी पार्टी सभी सात सीट पर जीत दर्ज करेगी। पायलटस, दौसा विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी दीनदयाल बैरवा के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा, हमारा किसी से कोई व्यक्तिगत झगड़ा नहीं है। ये चुनाव किसी एक जाति या दूसरी जाति का नहीं बल्कि विचारधारा का चुनाव है। यह उपचुनाव इस बात का साबित करेगा कि कौन दौसा की बेहतर सेवा कर सकता है। उन्होंने बाद में संवाददाताओं से कहा, यह चुनाव दो विचारधाराओं के बीच का चुनाव है। केंद्र की भारतीय जनता पार्टी



(भाजपा) सरकार ने दस वर्ष में लोगों से जो विश्वासघात किया है उसे लोग देख रहे हैं।

साल भर से उनकी सरकार ने यहां राजस्थान में हमारी (कांग्रेस) सरकार की सारी जनकल्याणकारी योजनाओं को बंद कर दिया। घोषणा पत्र में किये खुद के वादे वे (सत्तारूढ़ भाजपा) पूरे नहीं कर पा रहे हैं। पायलट ने कहा, जनता जवाब मांगेगी। जनता को जवाब मांगने का अवसर चुनाव के माध्यम मिलता है। इस चुनाव में एक संदेश जाएगा और भारी मतों से हम जीतेंगे। उन्होंने कहा कि सात सीट पर होने वाले उपचुनाव में हम अच्छा अच्छा प्रदर्शन करेंगे और मुझे विश्वास है कि भारी मतों से जीतेंगे। राज्य की झुंझुनू, दौसा, देवली-उनियारा, खींवसर, चौरासी, सलूम्बर और रामगढ़ सीट पर उपचुनाव के लिए मतदान 13 नवंबर को होगा जबकि मतगणना 23 नवंबर को होगी।

## बच्चों को खेलने की जगह नहीं देने को लेकर कर ,सुप्रीम कोर्ट ने शहरी नियोजन के तरीकों पर जताई गंभीर चिंता

**नई दिल्ली, 04 नवम्बर।** सुप्रीम कोर्ट ने बच्चों के मनोरंजन के लिए हरे-भरे स्थानों को संरक्षित करने की आवश्यकता को रेखांकित किया। इस बात पर जोर दिया कि खेलने और स्वतंत्र रूप से सांस लेने के लिए सुलभ क्षेत्रों के बिना, बच्चों के पास केवल वीडियो गेम खेलने के अलावा और कुछ नहीं बचेगा। भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) धनंजय वाई चंद्रचूड़ के नेतृत्व में, एक शीर्ष अदालत की पीठ ने शहरी नियोजन के बारे में कड़ी चिंता व्यक्त की, जो हरित क्षेत्रों की उपेक्षा करती है, क्योंकि इसने महाराष्ट्र की शहर नियोजन एजेंसी, शहर और औद्योगिक विकास निगम (सिडको) की



एक याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें मांग की गई थी प्रस्तावित खेल परिसर को नवी मुंबई से 115 किमी दूर रायगढ़ में स्थानांतरित करना।

ये हमारे शहरों के आखिरी कुछ फेफड़े हैं। आइए हम इन स्थानों को संरक्षित करें। आप बिल्डरों या किसी और को विकास के लिए हरित क्षेत्र नहीं दे सकते। पीठ में न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल थे। इस प्रस्ताव में नवी मुंबई स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स को स्थानांतरित करना शामिल था, जिसे शुरू में घनसोली के लिए योजनाबद्ध किया गया था और पुणे के बालेवाड़ी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स और दिल्ली के इंदिरा गांधी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के बाद रायगढ़ के नानोर गांव में बनाया गया था। अदालत की बर्खास्तगी ने बॉम्बे उच्च न्यायालय के फैसले को बरकरार रखा, जिसने स्थानांतरण निर्णय को पूरी तरह से मनमाना और गलतर करार दिया, जिससे घनी आबादी वाले नवी मुंबई क्षेत्र से परिसर को स्थानांतरित करने के 2021 के महाराष्ट्र सरकार के प्रस्ताव को प्रभावी ढंग से रद्द कर दिया गया।

## अगर एनआरसी और यूसीसी लागू नहीं होगा तो घुसपैठिए पूरे राज्य पर कर लेंगे कब्जा: हिमंत बिस्वा सरमा

**रांची, 04 नवम्बर।** असम के सीएम और झारखंड के बीजेपी सह-प्रभारी हिमंत बिस्वा सरमा ने राज्य को लेकर बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा कि अगर एनआरसी और यूसीसी लागू नहीं होगा तो घुसपैठिए पूरे झारखंड पर कब्जा कर लेंगे। अपने बयान में हिमंता ने कहा कि हमें झारखंड में घुसपैठियों की पहचान के लिए एनआरसी और ऐसे सर्वे करने होंगे। कल केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि हम यूसीसी लाएंगे लेकिन आदिवासियों को इससे दूर रखेंगे। अगर एनआरसी और यूसीसी लागू नहीं होगा तो घुसपैठिए पूरे झारखंड पर कब्जा कर लेंगे। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि हेमंत सोरेन



चाहते हैं कि घुसपैठिए आएं क्योंकि वे उनके वोट बैंक हैं।

वहीं, बीजेपी प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कहा कि महाराष्ट्र और झारखंड में चुनाव होने वाला है। एक तरफ भारतीय जनता पार्टी अपने मूल मंत्र पर चलते हुए विकास की बात कर रही है, देश और प्रदेश के निवासियों को जोड़ने की बात कर रही है, वहीं दूसरी तरफ विपक्ष का एक ही मकसद है- पहले बांटो, उसके बाद जो घुसपैठिये घुस जाएं, वो काटें। उन्होंने कहा कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने साफ कहा है कि घुसपैठियों को चुन-चुन कर बाहर करेंगे। दूसरी ओर, जेएमएम और कांग्रेस का मूल मंत्र है- घुसपैठियों का चुन-चुन कर ब्याह करेंगे। भाजपा नेता ने साफ तौर पर दावा किया कि कांग्रेस हो, जेएमएम हो या आरजेडी हो... ये सभी तुष्टिकरण की राजनीति करते हैं। इनको घुसपैठियों से कोई परहेज नहीं है, ये घुसपैठियों को गले लगाते हैं... क्योंकि घुसपैठिये इनका वोटबैंक हैं। उन्होंने कहा कि जेएमएम और कांग्रेस की एक ही गारंटी है- वो गारंटी है भ्रष्टाचार की, वो गारंटी है वंशवाद की, वो गारंटी है तुष्टिकरण की, वो गारंटी है हेरा-फेरी की। उन्होंन दावा किया कि जनगणना के आंकड़ों से संथाल परगना में एक महत्वपूर्ण जनसांख्यिकीय बदलाव का पता चलता है। 2001 और 2011 के बीच, अनुसूचित जनजाति की आबादी 46% से घटकर 42% हो गई, जबकि मुस्लिम आबादी 33% से बढ़कर 36% हो गई। यह परिवर्तन क्षेत्र की बदलती जनसांख्यिकी, प्राथमिकताओं और अन्य कारकों के बारे में बहुत कुछ बताता है।

## उत्तराखंड में सड़क दुर्घटना में लोगों की मृत्यु हृदय विदारक: राष्ट्रपति मुर्मू



**अल्मोड़ा, 04 नवम्बर।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उत्तराखंड में सड़क दुर्घटना में लोगों की मौत पर दुख व्यक्त करते हुए सोमवार को कहा कि यह खबर हृदय विदारक है। उन्होंने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

उत्तराखंड के अल्मोड़ा जिले में आज एक निजी बस गहरी खाई में गिर गई जिससे इसमें सवार कम से कम 36 लोगों की मौत हो गई और 24 अन्य घायल हो गए। अधिकारियों के मुताबिक, 43 सीट वाली बस अल्मोड़ा के मारचूला इलाके में 200 मीटर गहरी खाई में गिर गई जिसमें लगभग 60 लोग सवार थे।राष्ट्रपति ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, अल्मोड़ा, उत्तराखंड में एक सड़क दुर्घटना में महिलाओं और बच्चों सहित कई लोगों की मृत्यु का समाचार हृदय विदारक है। मैं शोकसंतप्त परिवारों के प्रति गहन संवेदनाएं व्यक्त करती हूं तथा घायल हुए लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती हूं।

## भाजपा ने वायनाड में भूस्खलन की घटना का राजनीतिकरण किया : प्रियंका गांधी

**वायनाड, 04 नवम्बर।** कांग्रेस महासचिव और वायनाड लोकसभा सीट से संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) की उम्मीदवार प्रियंका गांधी वाद्रा ने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने इस साल जुलाई में हुई भूस्खलन की घटना का राजनीतिकरण किया। चुनाव प्रचार के दूसरे दिन की शुरूआत करते हुए उन्होंने सुल्तान बाथरी विधानसभा क्षेत्र के केनिचिरा में एक नुक्कड़ सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा, जिस आपदा से लोगों को भारी पीड़ा हुई, उसका भी भाजपा ने राजनीतिकरण कर दिया...हम एक ऐसी जगह पर खड़े हैं, जहां आपको अपने देश, अपनी जरूरतों और आप जिस तरह की राजनीति चाहते हैं, उसके बारे में सोचना चाहिए।



भाजपा पर निशाना साधते हुए प्रियंका ने कहा कि पूरे देश में नफरत फैला रही भाजपा की राजनीति की पहचान क्रोध, विभाजन और बर्बादी है। उन्होंने कहा कि लोगों के समक्ष खड़े वास्तविक मुद्दों को नजरअंदाज किया जा रहा है और उनकी समस्याएं अनसुलझी हैं। कांग्रेस नेता ने दावा किया कि बेरोजगारी अब तक के उच्चतम स्तर पर है और कीमतें लगातार बढ़ रही हैं, जिनके रुकने का कोई संकेत नहीं है।

प्रियंका गांधी ने कहा, राजनीति इन मुद्दों को हल करने पर केंद्रित नहीं है। भाजपा की राजनीति का उद्देश्य पूरी तरह से आपका अपनी समस्याओं से ध्यान भटकाना है, क्योंकि इसका एकमात्र उद्देश्य सत्ता में बने रहना है, चाहे कोई भी कीमत चुकानी पड़े। उन्होंने भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर भूस्खलन से प्रभावित परिवारों की मदद के लिए आवश्यक सहायता राशि देने में विफल रहने का भी आरोप लगाया। प्रियंका गांधी ने कहा, यदि आप मुझे संसद में अपना प्रतिनिधित्व करने का मौका देते हैं, तो मैं आपको दिखाऊंगी कि आपके लिए किसी और की तुलना में मैं अधिक मेहनत कर सकती हूं। मैं आपके मुद्दों को हर जगह उठाऊंगी। मैं आपके लिए लड़ूंगी और राज्य और केंद्र दोनों सरकारों पर दबाव डालूंगी। कांग्रेस नेता ने रविवार को अपने दूसरे चरण का चुनाव प्रचार फिर से शुरू किया और अपने भाई राहुल गांधी के साथ वायनाड निर्वाचन क्षेत्र में जनसभाएं और नुक्कड़ सभाएं कीं। राहुल गांधी के इस्तीफा देने के कारण वायनाड सीट पर उपचुनाव कराना पड़ रहा है। राहुल गांधी ने इस साल हुए आम चुनाव में वायनाड और उत्तर प्रदेश की रायबरेली दोनों लोकसभा सीट से जीत हासिल की थी।






# राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा है पंजाब में नशे का जाल



-ललित गर्ग

पंजाब में आतंकवाद ही नहीं, तरह-तरह के नशे एवं ड्रग्स के धंधे ने व्यापक स्तर पर अपनी पहुंच बनाई है, जिसके दुष्परिणाम समूचे देश को भोगने को विवश होना पड़ रहा है। पंजाब नशे की अंधी गलियों में धंसता जा रहा है, सीमा पार से शुरू किए गए इस छद्म युद्ध की कीमत पंजाब चुका रहा है, जिसने लंबे समय से पंजाब को जकड़ रखा है। पिछले दस महीनों में पंजाब पुलिस ने 153 बड़े ऑपरेटरों सहित 10,524 तस्करों को गिरफ्तार किया है। पंजाब ने स्थानीय तस्करों के साथ-साथ बड़े ड्रग नेटवर्क को लक्षित करने में महत्वपूर्ण सफलता हासिल की। हाल ही में 790 किलोग्राम हेरोइन, 860 किलोग्राम अफीम और अन्य नशीले पदार्थों के साथ-साथ 13 करोड़ रुपये से अधिक ड्रग मनी जब्त की गई है। इन आपराधिक अभियानों की वित्तीय बुनियाद पर प्रहार करते हुए नशे के कारोबार से जुड़े लोगों की 208 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति जब्त की गई। हालांकि, अभी पर्दे के पीछे से काम करने वाले प्रमुख तस्करों को बेनकाब करने और कानून दंडित करने की सख्त



जरूरत है। ड्रग की तस्करी और व्यापक रूप से नशे की लत पंजाब की सबसे उल्लेखनीय घातक सामाजिक-राजनीतिक चुनौती बन चुका है जो कई प्रकार से पूरे देश की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा बनती जा रही है।

पाकिस्तान पोषित इस नशीले कारोबार की भयावहता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि इस साल सीमा सुरक्षा बल ने पंजाब की पाकिस्तान से लगती सीमा से 183 ड्रोन जब्त किए। जो वर्ष 2023 में बरामद 107 ड्रोन से कहीं अधिक है। पाक प्रायोजित यह तस्करी परिष्कृत एवं सुनियोजित तरीके से की जा रही है, जिसके खिलाफ सख्त कार्रवाई जरूरी है। खासकर, ऐसे संवेदनशील सीमावर्ती राज्य में इस समस्या की भयावहता को देखते हुए यह आवश्यक हो जाता है कि इसके खिलाफ एक ऐसी संपूर्ण लड़ाई छेड़ी जाए जिसमें कामयाब होने में अगर कई वर्ष भी लग जाएं तो उसे जारी रखा जाए। नशे की समस्या पिछले कई वर्षों के दौरान और बद से बदतर होती गई है और पिछले पंजाब में हुए विधानसभा चुनावों में यह एक बड़ा मुद्दा था। क्योंकि शहरों एवं ग्रामीण क्षेत्रों से हर रोज युवाओं की मौत की खबरें आ रही थी या विधवाओं का क्रंदन समूचा देश हिला है। कितनी मांओं की गोद उजड़ गई और कितने वृद्ध पिताओं की सहारे की लाठी टूट गई। नशीले पदार्थों का धंधा सीमाओं से होते हुए देश की रग-रग में पसरता गया है।

पंजाब में बिछा ड्रग्स का जाल जनजीवन के लिये बड़ी चुनौती है। पंजाब पाकिस्तान, अफगानिस्तान एवं ईरान के तथाकथित गोल्डेन क्रेसेंट से तस्करी कर लाई गई नशीली दवाओं का एक पारगमन बिंदु (ट्रांजिट प्वाईंट) तथा बाजार दोनों ही है। जहां अफगानिस्तान में उत्पादित हेरोइन की भारत-पाकिस्तान की 553 किमी लंबी और अवैध घुसपैठ की संभावनाओं से युक्त सीमा से तस्करी की जाती है, अफीम, अफीम की भूसी, चरस एवं हशीश जैसी अन्य नशीली दवाएं आसपास के देशों से आती हैं। भारत एवं पाकिस्तान सीमा पर अच्छी सड़कों का अभाव भी सीमा पर लगी बाड़ के नीचे सुरंगों की खुदाई के जरिये भारी मात्रा में मादक दवाओं की खेप के हस्तांतरण के काम को आसान बना देती हैं। पंजाब पुलिस की नशे से जुड़े आतंकवादी तंत्र की जांच करने की सीमित क्षमता है, खासकर, इस समस्या का मुकाबला करने के लिए आधुनिक प्रौद्योगिकीय एवं वैज्ञानिक उपकरणों की उसके पास कमी है। पंजाब में राजनीति और ड्रग्स का चोली दामन का संबंध है, बड़ी राजनीतिज्ञ पार्टियों की नशा माफिया एवं नशीले पदार्थों के तस्करों के साथ काफी मिलीभगत है और यही वजह है कि पंजाब ह्रानशीले पदार्थों की राजनीतिह्न के युग से गुजर रहा है। इसलिये भी यह समस्या उग्र से उग्रतर होती जा रही है।

पंजाब में नशे की समस्या पर सुप्रीम कोर्ट की चिन्ता व्यक्त करता रहा है, अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुए उसने पंजाब सरकार को फटकार भी समय-समय पर लगाई है। पूर्व में सुप्रीम कोर्ट ने कहा, ह्यपंजाब में नशे की समस्या बढ़ती जा रही है। नकली शराब और नशीले पदार्थों को रोका जाना चाहिए। ऐसे तो युवा खत्म हो जाएंगे। गरीब लोग मर रहे हैं। पंजाब में हर गली में एक भट्ठी होती है। अगर कोई चाहे तो देश को खत्म कर देगा। अगर बॉर्डर क्षेत्र सुरक्षित नहीं है तो कैसे चलेगा? नशा माफिया के आगे बेबस क्यों पंजाब सरकार? सुप्रीम कोर्ट की चिन्ता पंजाब में नशे की गंभीर चुनौती को देखते हुए वाजिब है। जिसके खिलाफ व्यापक पैमाने पर योजनाबद्ध अभियान चलाने की जरूरत है। सरकारें लंबे समय से इसके विरुद्ध कार्रवाई की बात तो करती रही हैं, लेकिन जमीनी हकीकत में कम ही बदलाव नजर आया है। फिलहाल पंजाब में नशीले पदार्थों के खिलाफ जारी कार्रवाई आप सरकार की नई प्रतिबद्धता को दर्शाती है और सतही तौर पर नशे की खिलाफ सफलता के आंकड़े एक सराहनीय कार्रवाई को दर्शाते हैं, लेकिन इसके बावजूद समस्या की विकटता को देखते हुए ये आंकड़े पर्याप्त नहीं हैं। वक्त की जरूरत है कि लगातार भयावह होती स्थिति में पुलिस को इस खेल की बड़ी मछलियों को बेनकाब करके नशे के प्रवाह पर रोक लगानी चाहिए। इसके बाद बड़े नशा तस्करों के खिलाफ व्यापक स्तर का अभियान चलाना चाहिए। जिससे समाज में यह संदेश जाए कि कोई कितना भी ताकतवर व्यक्ति क्यों न हो, कानून से ऊपर नहीं है। साथ ही यह भी कि समाज विरोधी कार्यों में लिप्त होने के गंभीर परिणाम हो सकते हैं। ऐसे तत्वों को राजनीतिक संरक्षण देने वाली ताकतों को भी बेनकाब करने की जरूरत है।

पंजाब सरकार की सख्त कार्रवाई का यह संदेश नशा माफिया को जाना जरूरी है कि इस काले कारोबार से जुड़े लोगों की दंडमुक्ति संभव नहीं है। इसके अलावा सीमा पार से चलाए जा रहे नशे के कारोबार के लिये पडोसी देश को भी कड़ा संदेश जाना चाहिए। नशे की तस्करी में तमाम आधुनिक साधनों का उपयोग किया जा रहा है। हालांकि, बीएसएफ ने पहल करते हुए एंटी-ड्रोन सिस्टम लगाए हैं। जिसके सार्थक परिणाम भी मिल रहे हैं। पंजाब में नशे की गंभीर चुनौती को देखते हुए सीमा सुरक्षा को फुलप्रूफ करने की दिशा में कदम उठाए जाने चाहिये। जिसमें उच्च तकनीक व विभिन्न एजेंसियों में बेहतर तालमेल की जरूरत है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी पूर्व में ह्रड्रग्स-फ्री इंडियाह्न अभियान चलाने की बात कहकर इस राष्ट्र की सबसे घातक बुराई की ओर जागृति का शंखनाद किया है। उन्होंने चिन्ता व्यक्त करते हुए कहा कि हमारे देश के युवा गुटका, चरस, गांजा, अफीम, स्मैक, शराब और भांग आदि के नशे में पड़ कर बर्बाद हो रहे हैं। इस कारण से वे आर्थिक, सामाजिक, मानसिक और आध्यात्मिक रूप से विकलांगता की ओर अग्रसर हो रहे हैं। विशेषतः पंजाब के युवा नशे की अंधी गलियों में धंसते जा रहे हैं, वे अपनी अमूल्य देह में बीमार फेफड़े और जिगर सहित अनेक जानलेवा बीमारियां लिए एक जिन्दा लाश बने जी रहे हैं पौरुषहीन भीड़ का अंग बन कर। नशे के ग्लैमर की चकाचौंध ने चिन्ताजनक स्थितियां खड़ी कर दी है। पाकिस्तान नशे के आतंक से अपने मनसूबों को पूरा कर रहा है। चिकित्सकीय आधार पर देखें तो अफीम, हेरोइन, चरस, कोकीन, तथा स्मैक जैसे मादक पदार्थों से व्यक्ति वास्तव में अपना मानसिक संतुलन खो बैठता है एवं पागल तथा सुप्तावस्था में हो जाता है। ये ऐसे उत्तेजना लाने वाले पदार्थ हैं, जिनकी लत के प्रभाव में व्यक्ति अपराध तक कर बैठता है। मामला सिर्फ स्वास्थ्य से नहीं अपितु अपराध से भी जुड़ा हुआ है। कहा भी गया है कि जीवन अनमोल है। नशे के सेवन से यह अनमोल जीवन समय से पहले ही मौत का शिकार हो जाता है या अपराध की अंधी गलियों में धंसता चला जाता है, पाकिस्तान युवाओं को निस्तेज करके इस नये तरीके के आतंकवाद को अंजाम दे रहा है।

# वायु प्रदूषण से देश के 10 शहरों में हर साल लगभग 33,000 मौते



अशोक भाटिया

देश में वायु प्रदूषण की समस्या दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। यह प्रदूषण कितना जानलेवा और खतरनाक हो सकता है इसका खुलासा एक ताजा अध्ययन में हुआ है।रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि देश के 10 शहरों- अहमदाबाद, बंगलूरू, चेन्नई, दिल्ली, हैदराबाद, कोलकाता, मुंबई, पुणे, शिमला और वाराणसी में होने वालीं हर 100 में से 7 मौत के लिए वायु प्रदूषण जिम्मेदार है। इस बात का खुलासा द लांसेट प्लेनेटरी हेल्थ पत्रिका में प्रकाशित एक अध्ययन में हुआ है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि देश के 10 शहरों में हर साल लगभग 33,000 मौते वायु प्रदूषण के कारण हो रही है, जो भारत की नेशनल क्लीन एयर लिमिट से काफी नीचे है। भारत के स्वच्छ वायु मानदंड वर्तमान में विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) के प्रति क्यूबिक मीटर हवा में 15 माइक्रोग्राम के दिशानिर्देश से काफी अधिक हैं।

गौरतलब है कि भारत में प्रदूषण एक बड़ी समस्या है, जिसकी चर्चा समय-समय पर होती रहती है लेकिन अब इस प्रदूषण से होने वाली मौतों से जुड़ा आंकड़ा सामने आ रहा है, जो बेहद चौंकाने वाला है। द लैंसेट प्लैनेटरी हेल्थ जर्नल में प्रकाशित एक अध्ययन के मुताबिक, दिल्ली, बेंगलुरु और मुंबई सहित भारत के 10 सबसे बड़े और सबसे प्रदूषित शहरों में औसतन रोज होने वाली मौतों का 7.2 प्रतिशत हिस्सा प्रदूषण से जुड़ा है यानी इन शहरों में रोज 7.2 प्रतिशत मौतें अधिक प्रदूषण के चलते हो रही हैं। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि देश के 10 शहरों में हर साल लगभग 33,000 मौते वायु प्रदूषण के कारण हो रही है उनमे से अकेले 5100 की मौत मुंबई जैसे शहर में हो रही है । मुंबई में बढ़ते वायु प्रदूषण से न केवल जीवन का नुकसान हुआ है बल्कि आर्थिक नुकसान भी हुआ है। एक अंतरराष्ट्रीय पर्यावरण संगठन ग्रीनपीस की रिपोर्ट में इस बात का खुलासा हुआ है। उन्होंने अपनी रिपोर्ट में बताया कि वायु प्रदूषण (Air Pollution) के कारण शहर की अर्थव्यवस्था को लगभग 2.1 अरब डॉलर का झटका लगा है। मालूम हो कि, ग्रीनपीस ने दुनिया भर की अर्थव्यवस्था पर पर्यावरण के प्रभाव पर अध्ययन किया है। एक अध्ययन में पाया गया है कि खराब वायु गुणवत्ता के कारण सांस लेना मुश्किल हो सकता है - और आपके शरीर को ठीक होने में कुछ दिन लग सकते हैं। वायु प्रदूषण का एक प्रकार कारखानों, बिजली संयंत्रों और कार के निकास से निकलने वाले महीन कण (2.5 माइक्रोमीटर व्यास या उससे कम) हैं। दूसरा महत्वपूर्ण प्रकार ओजोन है, जो शहरी धुंध का मुख्य घटक है। जब आप उच्च स्तर के महीन कणों या ओजोन में सांस लेते हैं, तो आपके फेफड़े चिड़चिड़े हो सकते हैं। बाहरी वायु प्रदूषण को अस्थमा, दिल के दौरे, स्ट्रोक और कैंसर से जोड़ा गया है।

अध्ययनों से पता चला है कि वायु प्रदूषण के लंबे समय तक संपर्क में रहने और समय से पहले मृत्यु के बीच संबंध है। सार्वजनिक नीतियों ने संयुक्त राज्य अमेरिका और अन्य जगहों पर वायु गुणवत्ता को बेहतर बनाने में मदद की है। विशेषज्ञ समय-समय पर वायु प्रदूषण के स्तर और मृत्यु और बीमारी की दरों के वैज्ञानिक विश्लेषण की जांच करते हैं ताकि वायु गुणवत्ता मानकों का पुनर्मूल्यांकन किया जा सके।

हार्वर्ड टीएच चैन स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ में डॉ. फ्रांसेस्का डोमिनिकी के नेतृत्व में एक शोध दल ने वायु प्रदूषण के अल्पकालिक जोखिम से वृद्धों में मृत्यु के जोखिम का अनुमान लगाने का प्रयास किया। टीम ने यह भी जांच की कि क्या आबादी के कुछ उपसमूह विशेष रूप से असुरक्षित हो सकते हैं। इस अध्ययन को NIH के नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एनवायर्नमेंटल हेल्थ साइंसेज (NIEHS) द्वारा समर्थित किया गया था।

टीम ने वायु प्रदूषण पूर्वानुमान मॉडल और कृत्रिम तंत्रिका नेटवर्क का उपयोग करके 39,000 से अधिक ज़िप कोडों के लिए दैनिक वायु प्रदूषण के स्तर का अनुमान लगाया, यहाँ तक कि देश के निगरानी रहित ग्रामीण क्षेत्रों में भी। फिर उन्होंने 2000 से 2012 तक के मृत्यु रिकॉर्ड के आधार पर 65 वर्ष और उससे अधिक आयु के 22 मिलियन वयस्कों के लिए मृत्यु के दिनों के आसपास प्रदूषण के स्तर को देखा। मृत्यु के दिनों (22 मिलियन मौतों के लिए) के वायु प्रदूषण के स्तर की तुलना अन्य दिनों (76 मिलियन नियंत्रण दिनों) के दौरान प्रदूषण के स्तर से की गई।

शोधकर्ताओं ने पाया कि जब सूक्ष्म कणों या ओजोन से वायु प्रदूषण रुक-रुक कर बढ़ता है, तो 2 दिन की अवधि में मौतों में काफी वृद्धि होती है। प्रति क्यूबिक मीटर में 10 माइक्रोग्राम सूक्ष्म कणों या 10 पार्ट प्रति बिलियन ओजोन की प्रत्येक रुक-रुक कर, वृद्धिशील वृद्धि मौतों में वृद्धि से जुड़ी थी। बड़े डेटासेट ने शोध दल को आयु, लिंग, नस्ल, आयु और आय स्तर के आधार पर प्रभावों का अध्ययन करने में भी सक्षम बनाया। वायु प्रदूषण से होने वाली मृत्यु के सबसे अधिक जोखिम वाले लोग 85 वर्ष से अधिक उम्र के, महिला, अश्वेत या आर्थिक रूप से वंचित थे।

डोमिनिकी कहते हैं, यह प्रदूषण के अल्पकालिक जोखिम और मृत्यु दर का अब तक का सबसे व्यापक अध्ययन है। ₹हमने पाया कि वायु प्रदूषण बढ़ने के साथ मृत्यु दर लगभग रैखिक रूप से बढ़ती है। वायु प्रदूषण का कोई भी स्तर, चाहे कितना भी कम क्यों न हो, मानव स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। विशेषज्ञ वायु प्रदूषण के अध्ययन के परिणामों का उपयोग यह आकलन करने के लिए कर सकते हैं कि क्या वायु गुणवत्ता मानक सार्वजनिक स्वास्थ्य की रक्षा के लिए पर्याप्त हैं। देश की आर्थिक राजधानी मुंबई कि बात करें तो मुंबई में गत दिनों अचानक मौसम ने करवट ली थी तब धूल के गुबार के साथ चली तेज हवा ने मुंबई वासियों को खासा परेशान किया था । मुंबई के उपनगर ठाणे, अबंरनाथ, बदलापुर, कल्याण और उल्लासनगर में करीब 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चली। धूल भरी आंधी और बारिश से दिन में ही अंधेरा सा होने लगा था । मुंबई एयरपोर्ट पर ऑपरेशन अगले आदेश तक बंद कर दिया गया था । कई नेशनल और इंटरनेशनल फ्लाइट्स डायवर्ट की गई हैं थी । लोगों को भी घरों में रहने की हिदायद दी गई है थी । अमूमन मुंबई में प्रदूषण का स्तर लंबे समय तक बिगड़ा नहीं रह सकता क्योकि समुद्र की हवा चलने से प्रदूषण खत्म हो जाता है, लेकिन इस बार ऐसा नहीं हो रहा था। मुंबई की एयर क्वालिटी खराब होने की कई वजहें हैं। लेकिन सबसे बड़ी वजह कंस्ट्रक्शन वर्क्स (निर्माण के कामों) को माना जा रहा है। 'टाइम्स ऑफ इंडिया' की एक रिपोर्ट के मुताबिक, मुंबई में बहुत से कंस्ट्रक्शन प्रोजेक्ट्स चल रहे हैं। ये वास्तव में धूल भरे प्रदूषण का सबसे बड़ा कारण है। BMC ने बीते साल 20 अक्टूबर को एक बयान में कहा था, ₹वर्तमान में मुंबई में 7000 लोकेशन पर कंस्ट्रक्शन का काम चल रहा है। ये जलवायु परिवर्तन मुंबई मेट्रोपॉलिटन रीजन की एयर क्वालिटी पर नेगेटिव असर डाल रहा है।₹ हाई राइज बिल्डिंग और कॉमर्शियल टावरों के लिए पुरानी इमारतों को गिराया जा रहा है। शहर में भीड़भाड़ को कम करने के लिए मेगा इंफ्रास्ट्रक्चर के प्रोजेक्ट्स भी चल रहे हैं। इनमें एक कोस्टल रोड और मेट्रो लाइनें शामिल हैं।

नई और हाई राइज बिल्डिंगें हवा के पैटर्न को बदल रही है। इससे समुद्री हवा का असर कम हो रहा है। समुद्र से आने वाली हवा मुंबई के पार्टिक्यूलेट मैटर और डस्ट मिक्स के साफ करने में नाकाम साबित हो रहे हैं। इसीलिए पिछले महीने मुंबई के कई इलाकों में कई दिनों तक प्रदूषण का स्तर 300 से पार हो गया था। विशेषज्ञों का कहना है कि यह दूसरा साल है, जब मुंबई में एयर पॉल्यूशन का लेवल बढ़ा हो। सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरमेंट में एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर रिसर्च एंड एडवोकेसी अनुमिता रॉय चौधरी के मुताबिक, मुंबई में इस महीने की शुरूआत में दर्ज किया गया पॉल्यूशन लेवल पिछले साल के इसी समय की तुलना में बहुत ज्यादा था। प्रदूषण मुंबई के लोगों के लिए सबसे बड़ी समस्या बनता जा रहा है। यह शहर के लिए एक चेतावनी है। मुंबई शहर के अधिकारियों ने बिल्डरों को कंस्ट्रक्शन साइटों पर 11 मीटर ऊंचे बैरिकेड लगाने का आदेश दिया है, जो धूल को कंट्रोल करे। इसके साथ ही कंस्ट्रक्शन साइटों और प्रमुख सड़कों पर धूल के कणों को कम करने के लिए एंटी-स्मॉग मशीनें तैनात की जाएंगी। खुले मैदानों में कूड़ा जलाने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। हालांकि, नियमों का पूरी तरह से पालन नहीं हो रहा। इस महीने कई दिनों तक मुंबई शहर का AQI 200 से ऊपर चला गया, जो सुरक्षित सीमा से 3 गुना ज्यादा है।

मुंबई के प्रदूषण में दूसरा बड़ा योगदान सड़कों पर दौड़ती गाड़ियों की संख्या भी है। मुंबई में प्राइवेट कारों की संख्या हर दिन बढ़ती जा रही है। प्रति किलोमीटर 600 कारें सड़कों पर दौड़ती हैं। वर्ल्ड रिसोर्सेज इंस्टीट्यूट के क्लीन एयर एक्शन विभाग के प्रोग्राम डायरेक्टर श्रीकुमार ने कहा कि मुंबई का पब्लिक ट्रांसपोर्ट सिस्टम सबसे अच्छा माना जाता था, लेकिन बीते कुछ समय में हालात बदले हैं। इस पर फौरन ध्यान देने की जरूरत है। श्रीकुमार कहते हैं, गाड़ियों की संख्या 50 लाख तक पहुंच गई है, ये बहुत बड़ा फिगर है। बाहर से आने वाली जो 7-8 लाख गाड़ियां हैं, उन्हें भी इसमें शामिल करके डेटा को देखा जाए, तो पता चलेगा कि मुंबई वास्तव में कितना कार्बन उत्सर्जन झेल रहा है। हमें पब्लिक ट्रांसपोर्ट के लिए फिर से जागरुकता लानी होगी।₹ बता दें मुंबई में गाड़ियों की संख्या दो दशकों में करीब 300 फीसदी बढ़ी है। इसमें 35% वाहन 15 साल से पुरानी कैटेगरी के हैं, जो वाहनों से हुए PM10 उत्सर्जन का 49% उत्सर्जित करते पाए गए हैं। मुंबई में बढ़ते प्रदूषण के पीछे क्लाइमेट चेंज भी एक वजह हो सकता है। 'स्क्रॉल' की रिपोर्ट के मुताबिक, समुद्र के ऊपर तापमान में असामान्य गिरावट ने मुंबई में तटीय हवाओं की गति को गंभीर रूप से प्रभावित किया है। क्योंकि अरब सागर में कम हवा चलने के कारण प्रदूषक तत्वों का फैलाव नहीं हो सका। इससे एयर पॉल्यूशन की स्थिति और खराब हो गई।

# हैप्पी बर्थडे से हैप्पी दीवाली तक सांस्कृतिक घुसपैठ और भारत राष्ट्र की अखंडता पर आघात



- राजकुमार जैन, स्वतंत्र लेखक

हमारी भाषा हमारे सुदृढ़ सामाजिक ताने बाने का मजबूत धागा है और राष्ट्रीय एकजुटता की इमारत की ईंट भी है। यह सत्य है कि एक ईंट निकालने से इमारत नहीं हिलती और एक धागा खींचने से वस्त्र नहीं उधड़ता। लेकिन यदि भारत की राष्ट्रीय एकता की इस बुलंद इमारत की ईंटों को एक एक कर निकाला जाएगा और भारतमाता के लहलहाते आँचल का एक एक धागा धीरे धीरे खींचा जाएगा तो शनैः शनैः भारत नाम का यह मजबूत किला एक ना एक दिन ढह ही जाएगा। भारतीय समाज में गर्भ संस्कार से लेकर बच्चे के जन्म लेने तक बहुत सी परंपराओं का पालन किया जाता है। परिवार में खुशिया भी मनाई जाती है और प्रतीक्षा की घड़ियां समाप्त होने पर जब बच्चा जन्म लेता है तो घर के सब बड़े बुजुर्ग हर्ष के साथ बड़ी उमंग से कहते है बधाई हो घर में बेटा/ बेटी का जनम हुआ है। लेकिन जनम के पहले ही साल में बच्चे का जन्म ₹बर्थर₹ में कैसे बदल जाता है, यह सोचने वाली बात है। मुझे घोर आश्चर्य होता है, जब उस बच्चे के जन्म दिन पर अलसुबह शुभआशीष, शुभकामनाओं और बधाई की मधुर ध्वनि की बजाय मध्य रात्री में हॅप्पी बर्थडे टू यू का शोर सुनाई पड़ता है।

लगता है 200 से भी अधिक वर्षों तक हमारे ऊपर राज करने के बाद अंग्रेज तो भारत छोड़कर चले गए चले गए थे लेकिन जाते जाते वो अपने साम्राज्य के स्मृति चिन्ह के रूप में अंग्रेजीयत हमारे मन और मस्तिष्क में गहरे तक छोड़ गए। यूं लगता है मानो उन्होंने सिर्फ हमारे तन पर ही राज नहीं किया था बल्कि हमारे मन और मस्तिष्क को भी अपना दास बना लिया था और वो दासता का भाव आज भी विद्यमान है। हमने अपने संस्कारों में शुभ की जगह हैप्पी को अपना लिया है। और अपनी भारतीय मातृभाषा बोलने वालों को हीनता से देखने लगे हैं।

आप पूछेंगे कि हैप्पी या शुभ क्या फर्क पड़ता है, तो जवाब यह है कि अनुवाद सिर्फ शब्दों का होता है, भाव का नहीं। मंगल प्रसंग के शुभ अवसर पर हम बिना सोचे विचारे शुभ के स्थान पर हैप्पी बोलने लगे हैं। वस्तुतः शुभ लोक मंगल का शब्द है जबकि हैप्पी या आनंद निजता का शब्द है। हमारे देश में जन्मोत्सव या अन्य कोई भी उत्सव निजी ना होकर लोक मंगल की भावना से भरे पर्व होते हैं । तो शुभ कहना ही उचित है ना कि हैप्पी। और एक बात जब हम शुभ यानि लोकमंगल की बात करेंगे तो हैप्पी तो बिना कहे ही हो जाएंगे।

हमारी संस्कृति में भाषा को माँ का दर्जा दिया गया है। महात्मा गांधी ने कहा था कि व्यक्ति के मानसिक विकास के लिए मातृभाषा का ज्ञान उतना ही आवश्यक है जितना कि एक शिशु के विकास के लिए माता का दूध। भाषा का सीधा संबंध संस्कार और सभ्यता से है और हिन्दी हमारी सामाजिक और सांस्कृतिक एकता का प्रतीक है। आजादी मिलने के 75 वर्षों बाद यह देखने में आ रहा है कि अपनी माँ समान भाषा के प्रति हम लोगों का नजरिया और रवैया दोनों ही बेहद सामान्य और चलताऊ किस्म का हो गया है।

किसी भी राष्ट्र की स्वतंत्र पहचान के साथ एक विशिष्ट भाषा भी जुड़ी होती है जो राष्ट्रीय एकता का मूलाधार होती है। भाषा एक राष्ट्र की जीवन शैली, आचार-विचार, सामाजिक-धार्मिक प्रवृत्तियों, सांस्कृतिक एकता तथा देशवासियों की चित्तवृत्तियों का परिचायक होती है। हमारी भाषा हमारे सुदृढ़ सामाजिक ताने बाने का मजबूत धागा है और राष्ट्रीय एकजुटता की इमारत की ईंट भी है। यह सत्य है कि एक ईंट निकालने से इमारत नहीं हिलती और एक धागा खींचने से वस्त्र नहीं उधड़ता। लेकिन यदि भारत की राष्ट्रीय एकता की इस बुलंद इमारत की ईंटों को एक एक कर निकाला जाएगा और भारतमाता के लहलहाते आँचल का एक एक धागा धीरे धीरे खींचा जाएगा तो शनैः शनैः भारत नाम का यह मजबूत किला एक ना एक दिन ढह ही जाएगा। काम और कैरियर के लिए अंग्रेजी या कोई भी अन्य भाषा पढ़ने, लिखने और बोलने में कोई बुराई नहीं लेकिन यदि कोई विदेशी भाषा आपकी मातृभाषा को आपके मन और मस्तिष्क से विस्थापित कर दे तो गहन चिंता और चर्चा का विषय तो बनता है। हम अपनी भाषा, अपनी संस्कृति, अपने त्योहारों, अपने रीती रिवाजो और अपनी परम्पराओ पर गर्व करने की बजाय एक मूक दर्शक की तरह उदासीन भाव से उनका निरादर होते देखते रहते है। हमारे विद्यालय बच्चों को सिखाते है ह्लशेक हैंड एंड से हैप्पी बर्थडे टू यूह्व। लेकिन हमें अपने घरों में बच्चों को शिक्षा देना चाहिए कि जन्म दिन के शुभ अवसर पर बड़ों के चरण स्पर्श करो उनका आशीर्वाद लो, अपने दोस्तों को गले लगाओ और जन्म दिन पर शुभकामनाए दो, सामान्य परिचितों को हाथ जोड़कर नमस्कार करो और शुभ जन्मदिन बोलो।

कहा जाता है कि अरे यार क्या फर्क पड़ता है, इतनी गहराई में मत जाओ, इतना सर कौन खपाए या जाने भी दो यारों के इस तटस्थ और उदासीन भाव के साथ हम अपने सांस्कृतिक वैभव को बिसरा रहे हैं जिसका परिणाम हमारी भावी पीढ़ी भोगेगी। भारतीयता का भाव हमारे स्वाभिमान का प्रतीक है और यह प्रतीक एक एक शब्द को जोड़कर गढ़ा जाता है। तो दीपावली के इस महापर्व पर यह संकल्प लेना जरूरी है कि हम निजता से परे जाकर लोकमंगल की बात करेंगे। भगवान श्रीराम लोक मंगल के अधिष्ठाता हैं और हम उनके वंशज पूरे विश्व का शुभ चाहते हैं इसलिए बार बार, हर बार दीपावली शुभ हो कहना ही उचित है। अगली बार बर्थ डे मनेगा या जन्म दिन और आने वाली दिवाली शुभ होगी या हैप्पी यह आपकी मर्जी पर निर्भर है। अंत में बिना किसी पूर्वाग्रह के कहना चाहूंगा कि अपना त्योहार मनाने के लिए किसी भी भाषा का चुनाव करना आपकी निजी पसंद है। मर्जी है आपकी, भावना है आपकी, देश है आपका, संस्कृति है आपकी और आने वाली संतति भी है आपकी। तो अपने मन की, अपने दिल की सुनें और निर्णय लें। यह अंग्रेजी के खिलाफ जाने या हिंदी के समर्थन में आने की बात नहीं है, यह हमारे पर्व मनाने के भाव को प्रसारित करने की बात है। बेमेल भाषाई रूपांतरण के कारण हैप्पी दीवाली और शुभ दीपावली के बीच पसरा यह वृहद सास्कृतिक अंतर स्पष्ट दिखाई पड़ता है। एक स्वतंत्र और मजबूत राष्ट्र के रूप में अपना त्योहार अपनी भाषा में मनाने के भाव का महत्व भी अपनी जगह है ही। अब हैप्पी दीवाली को टाटा बाय बाय करके हम सभी कहेंगे शुभ दीपावली ।जय जय।

# पीड़ितों को कब तक मिलती रहेगी 'तारीख-पे-तारीख'



-प्रियंका सौरभ

भारत में न्यायिक बैकलॉग एक बड़ी चुनौती है, जहाँ विभिन्न न्यायालयों में 4 करोड़ से अधिक मामले लंबित हैं। इस बैकलॉग का एक मुख्य कारण अत्यधिक न्यायिक स्थगन है, जो मामले के समाधान में देरी करता है और न्याय प्रदान करने में बाधा डालता है। कार्यवाही को सुव्यवस्थित करने के प्रयासों के बावजूद, बार-बार स्थगन प्रगति को बाधित कर रहे हैं। इस मुद्दे को सम्बोधित करने के लिए इसके मूल कारणों को समझना और व्यवस्थित सुधारों को लागू करना आवश्यक है। बार-बार स्थगन से मामलों की अवधि बढ़ जाती है, कभी-कभी अंतिम समाधान में वर्षों या दशकों तक का समय लग जाता है, जिससे न्यायपालिका की दक्षता प्रभावित होती है। प्रत्येक स्थगन मुकदमेबाजी के समग्र खर्च को बढ़ाता है, जिससे पक्षकारों पर वित्तीय बोझ पड़ता है, खासकर निम्न सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि वाले लोगों पर। स्थगन के कारण विस्तारित समयसीमा समय पर न्याय तक पहुँच को सीमित करती है, जिससे न्यायिक प्रणाली में जनता का विश्वास प्रभावित होता है।

अंडरट्रायल से जुड़े आपराधिक मामलों में अक्सर कई स्थगन होते हैं, जिससे न्याय में देरी होती है और निष्पक्ष और त्वरित सुनवाई के आरोपी के अधिकार पर असर पड़ता है। स्थगन के कारण न्यायालय का बहुमूल्य समय नष्ट हो जाता है, जिसका उपयोग अन्य मामलों को निपटाने में किया जा सकता है, जिससे प्रणाली की समग्र दक्षता कम हो जाती है। स्थगन के कारण होने वाली देरी से गवाहों में थकान, स्मृति क्षरण और कभी-कभी पीछे हटने की प्रवृत्ति पैदा हो सकती है, जिससे साक्ष्य की गुणवत्ता और मामले के परिणामों पर असर पड़ता है। गवाहों को डराने-धमकाने के मामलों में, बार-बार स्थगन के कारण गवाह अपने बयान से मुकर जाते हैं या बदल देते हैं, जिससे फैसले पर असर पड़ता है। प्रक्रियात्मक संहिता स्थगन के लिए छूट प्रदान करती है, जिससे वकील रणनीतिक लाभ के लिए इस लचीलेपन का फायदा उठा सकते हैं। सिविल प्रक्रिया संहिता कुछ शर्तों के तहत स्थगन की अनुमति देती है, लेकिन कार्यवाही में देरी के लिए अक्सर इसका दुरुपयोग किया जाता है। उच्च केस लोड और सीमित न्यायालय कर्मचारी बार-बार स्थगन में योगदान करते हैं, क्योंकि न्यायाधीश प्रत्येक मामले को पर्याप्त समय आवंटित करने के लिए संघर्ष करते हैं। निचली अदालतों में, न्यायाधीशों पर

**यह सही कहा गया है, न्याय में देरी न्याय से इनकार है, सभी के लिए निष्पक्ष और न्यायसंगत न्याय सुनिश्चित करने के लिए समय पर सुधारों की तत्काल आवश्यकता को रेखांकित करता है। स्थगन के कारण विस्तारित समयसीमा समय पर न्याय तक पहुँच को सीमित करती है, जिससे न्यायिक प्रणाली में जनता का विश्वास प्रभावित होता है। वकीलों को नैतिक प्रथाओं पर शिक्षित करने, अनावश्यक स्थगन अनुरोधों को हतोत्साहित करने और समय पर केस समाधान को बढ़ावा देने के लिए कार्यशालाएँ आयोजित करें। कानूनी निकायों ने सतत व्यावसायिक विकास कार्यक्रम शुरू किए हैं, जिनका उद्देश्य कुशल मामले निपटान की संस्कृति विकसित करना है।**

अक्सर बहुत अधिक बोझ होता है, वे हर महीने सैकड़ों मामलों को संभालते हैं, जिसके परिणामस्वरूप सुनवाई स्थगित हो जाती है। पक्षकार व्यक्तिगत या रणनीतिक कारणों से कार्यवाही में देरी करने के लिए जानबूझकर स्थगन की मांग कर सकते हैं, जैसे कि वित्तीय देनदारियों में देरी या प्रतिकूल निर्णयों को स्थगित करना। संपत्ति विवादों में, प्रतिवादी कभी-कभी समाधान के बिना कब्जे को लम्बा करने के लिए बार-बार स्थगन का अनुरोध करते हैं। प्रभावी केस प्रबंधन प्रणालियों की अनुपस्थिति का मतलब है कि मामलों को कुशलतापूर्वक शेड्यूल या मॉनिटर नहीं किया जाता है, जिससे अनावश्यक स्थगन होता है। डिजिटल केस-ट्रैकिंग सिस्टम की कमी वाले न्यायालयों को प्रशासनिक अक्षमताओं का सामना करना पड़ता है, जिससे केस की प्रगति की निगरानी करना और देरी को कम करना कठिन हो जाता है। प्रशिक्षित न्यायालय कर्मियों की सीमित उपलब्धता, विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में, प्रक्रियात्मक देरी और स्थगन के लिए बार-बार अनुरोध की ओर ले जाती है। प्रक्रियात्मक संहिताओं में संशोधन करके स्थगन की संख्या सीमित करें, खास तौर पर दीवानी और आपराधिक मामलों में। कुछ उच्च न्यायालयों ने स्थगन की अधिकतम सीमा तीन प्रति मामले तक सीमित करने के लिए सुधार पेश किए हैं, जिससे केस समाधान समयसीमा में सुधार हुआ है। शेड्यूलिंग को सुव्यवस्थित करने, केस की प्रगति की निगरानी करने और न्यायालय के संसाधनों को प्रभावी ढंग से आवंटित करने के लिए डिजिटल केस प्रबंधन उपकरण लागू करें। ई-कोर्ट परियोजना का उद्देश्य कुशल केस ट्रैकिंग, पारदर्शिता बढ़ाने और अनावश्यक देरी को कम करने के लिए डिजिटल सिस्टम शुरू करना है। मामलों के कुशल निपटान को प्रोत्साहित करने और स्थगन को कम करने के लिए न्यायाधीशों और न्यायालय के कर्मचारियों के लिए प्रदर्शन प्रोत्साहन पेश करें। राज्यों ने ऐसी योजनाएँ लागू की हैं जो न्यायिक अधिकारियों को केस समयसीमा का पालन करने के लिए पहचानती हैं और पुरस्कृत करती हैं, जिससे जवाबदेही को बढ़ावा मिलता है। केस हैंडलिंग क्षमता में सुधार के लिए, विशेष रूप से अधिक बोझ वाली अदालतों में, अतिरिक्त कर्मियों की नियुक्ति करके न्यायाधीशों की कमी को दूर करें। अतिरिक्त ज़िला न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिए हाल ही में सरकार की पहल ने कुछ उच्च-लंबित क्षेत्रों में केस लोड को कम करने में मदद की है। वकीलों को नैतिक प्रथाओं पर शिक्षित करने, अनावश्यक स्थगन अनुरोधों को हतोत्साहित करने और समय पर केस समाधान को बढ़ावा देने के लिए कार्यशालाएँ आयोजित करें। कानूनी निकायों ने सतत व्यावसायिक विकास कार्यक्रम शुरू किए हैं, जिनका उद्देश्य कुशल मामले निपटान की संस्कृति विकसित करना है।

भारत के न्यायिक बैकलॉग को सम्बोधित करने और न्याय वितरण को बढ़ाने के लिए न्यायिक स्थगन को कम करना आवश्यक है। केस प्रबंधन, स्थगन को सीमित करने और न्यायिक क्षमता का विस्तार करने जैसे उपायों को अपनाकर, न्यायपालिका एक कुशल प्रणाली की ओर प्रगति कर सकती है। यह सही कहा गया है, ₹न्याय में देरी न्याय से इनकार है,₹ सभी के लिए निष्पक्ष और न्यायसंगत न्याय सुनिश्चित करने के लिए समय पर सुधारों की तत्काल आवश्यकता को रेखांकित करता है।

## विधानसभा आम चुनाव 2024 पालघर जिले के छह विधानसभा क्षेत्रों में 53 प्रत्याशी मैदान में

**पालघर(उत्तरशक्ति)।** जिले के छह विधानसभा क्षेत्रों में 77 योग्य उम्मीदवारों में से 24 उम्मीदवारों ने अपनी उम्मीदवारी वापस ले ली है। जिसकी वजह से अब पालघर जिले के छह विधानसभा क्षेत्रों में 53 उम्मीदवार मैदान में बचे हैं। जिन्होंने अपनी उम्मीदवारी वापस ले ली है।उन उम्मीदवारों की निम्नलिखित सूची है 128. दहानू(अ.ज.) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से आकाश प्रताप पटेल, अरुण शंकर निकोले, 129. विक्रमगढ़ (अ.ज.) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र एकनाथ पांडु दरोदा, रवीन्द्र विलास खुताडे, मनोज विलास वाघ, संपत सावंजी पवार, 130. पालघर (अ.ज.) विधानसभा क्षेत्र से सुधीर शंकर नम, अशोक माधव भोईर, विजय रघुनाथ जाधव, मनोहर सोनू दांडेकर, अभिजीत उमापति देसक, अमित कृष्ण घोड़ा 131. बोईसर (अ.ज.) विधानसभा क्षेत्र से प्रसाद सुरेश परहाड, पुष्पा प्रकाश धोडी, जगदीश भगवान धोडी, दिनकर दत्तात्रेय वाढाण 132. नालासोपारा विधानसभा क्षेत्र से प्रवीणा हितेंद्र ठाकुर, दिलीप दिगंबर गायकवाड़, अमर किसान कवले, परेश सुकुर घाटाल 133. वसई विधानसभा क्षेत्र से एड.भावना प्रमोद अंबालकर, प्रवीणा हितेंद्र ठाकुर, एड. राजकुमार एस दुबे, विनायक श्रीधर निकम ने अपनी उम्मीदवारी वापस ले ली है। उक्त आशय की जानकारी पालघर जिलाधिकारी व जिला निर्वाचन अधिकारी गोविंद बोडके द्वारा दी गई है।

## हर्षोल्लास से मनाया गया यादव समाज भिवंडी द्वारा गोवर्धन पूजा व विशिष्ट व्यक्तियों का सम्मान समारोह



**आचार्य सूरजपाल यादव/भिवंडी (उत्तरशक्ति)।** भिवंडी के ताडाली अंजूरफाटा रोड पर शिवराम नगर स्थित यादव समाज भिवंडी द्वारा संचालित राधा कृष्णा विद्यालय प्रांगण में भव्य गोवर्धन पूजा का आयोजन किया गया ।बतादें कि यादव समाज भिवंडी द्वारा पहली बार सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किया था जिसमें भिवंडी के यादवों ने बढ़ चढ कर अपनी सहभागिता दिखाई ।कार्यक्रम की शुरूआत पंडित डा. अच्छेलाल यादव द्वारा भगवान श्री कृष्ण व गोवर्धन की पूजा आरती व गौमाता की पूजा कर की गयी । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त सहायक आयुक्त (कस्टम) , कवि व साहित्यकार लालबहादुर यादव (कमल) , समाजसेवक राजाराम यादव (विद्यार्थी) , डा.एम एल यादव आदि गणमान्य लोग उपस्थित थे । कार्यक्रम की अध्यक्षता यादव संघ मुंबई के अध्यक्ष अजय यादव ने किया ।इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये यादव समाज भिवंडी के अध्यक्ष डा.एन एल यादव , सचिव आर एल यादव , कोषाध्यक्ष विजयबहादुर यादव , डा.बृजेश यादव , डा. प्रेमचंद यादव , चन्द्रभान यादव , मनोज यादव , मनिका यादव आदि लोगों के साथ उनकी पूरी टीम का रहा है ।कार्यक्रम के सम्माननीय अतिथियों में डा. ओमप्रकाश यादव , डा.श्याम यादव , रामसिंह यादव , वृद्धिनारायण यादव , राममूरत यादव , हीरालाल यादव , राधेश्याम यादव , ओंकार यादव , जसवंत यादव आदि अतिथियों को शाल भगवान श्रीकृष्ण की फोटो व श्रीमद्भागवत गीता देकर सम्मानित किया गया । आये हुये अतिथियों ने आदिदेव इंटरटेनमेंट के डायरेक्टर कृष्णा हलवाई के नेतृत्व में भजन गायकों व गायिकाओं द्वारा प्रस्तुत भजन व गीतों पर खूब तालियां बजाकर गायकों को प्रोत्साहित किया ।कार्यक्रम के समापन पर सैकड़ों महिला व पुरुष अतिथियों ने प्रीतिभोज का लाभ उठाया ।कार्यक्रम को व्यवस्थित करने में कार्यक्रम नियोजन समिति अध्यक्ष मंगेश यादव के साथ विशेष सहयोगी पी डी यादव , हीरालाल यादव , आचार्य सूरजपाल यादव , लल्लन यादव , मनीष यादव , पवन यादव , विजय यादव , अवधनारायण यादव , सुभाष यादव , संतलाल यादव आदि लोगों का विशेष योगदान रहा है।

## जूड गोम्स एजेस फेडरल लाइफ इंश्योरेंस के नए प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी नियुक्त

**मुंबई।** भारतीय बीमा विनियामक एवं विकास प्राधिकरण (आई.आर.डी.ए.आई.) की मंजूरी के साथ, एजेस फेडरल लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड श्री जूड गोम्स को नए प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी के रूप में नियुक्त करने की घोषणा करते हुए प्रसन्न है। श्री जूड गोम्स के पास बीमा और बैंकिंग के क्षेत्र में वरिष्ठ पदों पर 30 से अधिक वर्षों का स्थानीय और अंतर्राष्ट्रीय अनुभव है। उन्होंने फिलीपींस में मैनुलाइफ चाइना बैंक में मुख्य कार्यकारी अधिकारी के रूप में और हाल ही में श्रीलंका में यूनियन एश्योरेंस पी.एल.सी. में मुख्य कार्यकारी अधिकारी के रूप में सफल कार्यकाल पूरा किया है। इससे पहले, वे वियतनाम में मैनुलाइफ के लिए मुख्य साझेदारी वितरण अधिकारी और हांगकांग स्थित एच.एस.बी.सी. के मुख्य कार्यालय में थे। बीते समय के दौरान, वे भारत की पहली निजी जीवन बीमा कंपनी, एच.डी.एफ.सी. स्टैंडर्ड लाइफ इंश्योरेंस की स्थापना करने वाली मुख्य टीम का हिस्सा थे और भारत में एच.एस.बी.सी. केनरा ओरिएंटल बैंक ऑफ कॉमर्स लाइफ इंश्योरेंस के संस्थापक सदस्य भी रहे हैं। हाल के समय तक, हांगकांग में से संबंध रखने वाले, श्री जूड गोम्स ने एजेस में क्षेत्रीय निदेशक, व्यवसाय विकास के रूप में एक महत्वपूर्ण पद का कार्यभार संभाला था। इस नियुक्ति के बारे में अपने विचार व्यक्त करते हुए, श्री जूड गोम्स ने कहा, ?मैं एजेस फेडरल लाइफ इंश्योरेंस में प्रबंध निदेशक (एम.डी.) एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सी.ई.ओ.) की भूमिका निभाने के लिए स्वयं को सम्मानित महसूस कर रहा हूँ। हमारे बोर्ड और हमारे सभी समर्पित कर्मचारियों के सहयोग के साथ, मैं अपने सभी हितधारकों के लिए केयर, डेअर, डिलीवर और शेयर के हमारे सैद्धांतिक मूल्यों को बनाए रखूँगा। हम नए मानक स्थापित करेंगे और भारत के बीमा के क्षेत्र में अपनी स्थिति को मजबूत बनायेंगे। मैं टीम एजेस फेडरल लाइफ के रूप में - एक साथ - विकास और सफलता की हमारी नई यात्रा को आरंभ करने की प्रतीक्षा कर रहा हूँ।

# भारत रत्न डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम पयाम ए इंसानियत अवार्ड का आयोजन

**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** विधवाओं ,अनाथों , की मदद , सामूहिक विवाह, शिक्षा को बढ़ावा , समाज के अति पिछड़े वर्ग के लिए सहायता के उद्देश्य को ले कर चल रही संस्था , लेट हाजी अल्लाह दिया अंसारी फाउंडेशन, खाड़ीपार भिवंडी की ओर से गत दिनों डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम पयाम ए इंसानियत अवॉर्ड का आयोजन किया गया । सम्मान समारोह से नवाजे गए मुंबई की नामचीन शख्सियत फजलुर्रहमान अंसारी ने बताया कि समाज के ऐसे व्यक्तियों , जिन्होंने अपनी मेहनत , योग्यता, हिम्मत , हौसले, से अलग अलग क्षेत्र में समाज की अपनी सेवाए दे रहे हैं उनकी सेवाओं को स्वीकार कर सम्मान समारोह का यह आयोजन किया गया। इस अवसर पर सामाजिक क्षेत्र , अभिनय, शिक्षा , और स्वास्थ्य,के क्षेत्र के लोगो को सम्मानित किया गया।समारोह के बाद संस्था ने , भिवंडी के मुस्लिम धर्म के , जिनमे आलिम , हाफिज



, कारी, मुफ्ती , जैसे धर्म गुरुओं के साथ साथ समाज के लिए अपनी सेवाएं देने वाले समाजसेवको को डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम पयाम ए इंसानियत अवार्ड दे कर सम्मानित किया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि मौलाना हलीमुल्लाह खान अध्यक्ष जमीयत उलमा ए हिन्द महाराष्ट्र , के साथ साथ मौलाना औसाफ फलाही जमात ए इस्लामी हिंद, हमीद अहमद खान अध्यक्ष जमीयत अहले हदीस,मौलाना रईस अहमद नदवी, पुणे से कारी मोहम्मद इदरीस अंसारी उप अध्यक्ष जमीयत उलमा ए हिंद , पुणे के समाजसेवी अब्दुल्लाह अंसारी , मुंबई से फजलुर्रहमान अंसारी , मुंबई के ही सेठ सईद साहब प्रसिद्ध सुलेमान उस्मान मिठाईवाला ,के साथ साथ 100 के करीब लोगो को अवार्ड , और शॉल , ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। , छात्रपति मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड के मालिक डॉक्टर राजेश डेरे के भिवंडी के प्रसिद्ध भगवान महावीर हॉस्पिटल की ओर से आयोजन में आने वालों का फ्री मेडिकल जांच और फ्री औषधि वितरण किया गया।, समारोह की समाप्ति पर संस्था के अध्यक्ष, ज़ियाउल हसन नेहटौरी अंसारी ने सारे अथितियों को धन्यवाद दिया।, और संस्था के जिला अध्यक्ष जयराम दास प्रताप राय खत्री ने बताया कि समाज की सेवा करने वाले हर क्षेत्र के व्यक्तियों को प्रोत्साहित करने के लिए संस्था ऐसे आयोजन करती रहेगी संस्था की ओर से हाजी शफीक अहमद अंसारी नगीना फामेर्सी का आभार जताया गया ।

## मुलुंड विधानसभा में प्रत्याशी संगीता वाझे ने वापस लिया नामांकन



**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** मुलुंड विधानसभा में शरद पवार की प्रत्याशी संगीता वाझे ने अपना नामांकन वापस ले लिया है। ऐसे में कांग्रेस के प्रत्याशी राकेश शेट्टी का राकांपा और सपा पूरी तरह सहयोग करेगी। बता दें कि अब मविआ कांग्रेस के प्रत्याशी राकेश शेट्टी का मुकाबला महायुती भाजपा प्रत्याशी मिहीर कोटेचा से है।

बता दें कि कांग्रेस प्रत्याशी राकेश शेट्टी समय समय पर मुलुंड विधानसभा का मुद्दा उठाते रहे हैं।

## अंधेरी पूर्व विधानसभा में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की सभा संपन्न




**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** अंधेरी पूर्व विधानसभा में रविवार की शाम मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की सभा संपन्न हुई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने अंधेरी पूर्व विधानसभा क्षेत्र से शिवसेना उम्मीदवार मुरजी पटेल के चुनाव प्रचार में हिस्सा लिया। अंधेरी बीएमसी मैदान, शेर-ए-पंजाब, में एक सार्वजनिक बैठक का आयोजन किया। इस अवसर पर प्रत्याशी मुरजी पटेल सहित शिवसेना सांसद रवींद्र वायकर, शिवसेना संगठक कमलेश राय व अन्य उपस्थित थे. इस मौके पर मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि राज्य के सभी घटकों को सरकार की योजना का लाभ मिल रहा है. सरकार की सभी योजनाएं प्रभावी ढंग से काम कर रही हैं और इसका लाभ भी सरकार को ही मिल रहा है। अंधेरी पूर्व विधान सभा से शिवसेना उम्मीदवार मुरजी पटेल को भारी मतों से निर्वाचित करने का आह्वान मुख्यमंत्री ने किया।

# प्रभावी लॉजिस्टिक्स सेवा एसएमई विकास के लिए महत्वपूर्ण

**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** जे. ए. लाइफस्टाइल के तहत अक्षय और झरना ने 2019 में ब्लश ब्राइड्स कंपनी की शुरूआत कर पिन्टरेस्ट और एट्सी के ट्रेंड्स से प्रेरित होकर पश्चिमी बाजारों में बढ़ते ग्राहकों के लिए कस्टम-मेड परिधान लाने का लक्ष्य रखा। उन्हें इस बात का बिल्कुल भी अंदाजा नहीं था कि पर्सनलाइज्ड ब्राइड्समेड परिधानों के लिए उनका जुनून इतनी जल्दी लोगों तक पहुँच जाएगा।

कोविड-19 के बाद व्यवसाय में सुधार हुआ, दंपति को पता था कि कंपनी को आगे बढ़ना है तो ग्लोबल लेवल पर जाने की जरूरत है। ई-कॉमर्स के उदय के साथ अवसर तो थे, लेकिन बाधाएँ भी थीं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बिक्री का




मतलब था जटिल निर्यात प्रक्रियाओं से गुजरना और यह सुनिश्चित करना कि प्रोडक्ट समय पर पहुँचें, चाहे डेस्टिनेशन कोई भी हो। तभी उन्होंने सहायता के लिए फेडएक्स की ओर रुख किया।

फेडएक्स के डिजिटल टूल और अंतरराष्ट्रीय शिपिंग समाधानों के साथ अक्षय और उनकी टीम इस प्रक्रिया को सरल बनाने में सक्षम थे। वे अब रियलटाइम में शिपमेंट को ट्रैक कर सकते थे, फीस और टैक्स की गणना कर सकते थे, और एक्सपोर्ट क्लियरेंस को सुव्यवस्थित कर सकते थे - इन सभी ने उन्हें दुनिया भर के ग्राहकों से किए गए वादों को पूरा करने में मदद की।

इन लॉजिस्टिक बाधाओं को पार करके, जे.ए. लाइफस्टाइल ने विकास के एक नए स्तर को अनलॉक किया। उन्होंने न केवल वैश्विक बाजार में प्रवेश किया - वे इसमें सफल भी हुए। उनका पर्सनलाइज्ड ब्राइड्समेड परिधान जल्दी ही बेस्टसेलर बन गया, और कुछ वर्षों के भीतर कंपनी ने अमेरिका, यूके, यूरोप, कनाडा और ऑस्ट्रेलिया में अपना विस्तार किया। आज व्यवसाय 600,000 अमेरिकी डॉलर से अधिक वार्षिक राजस्व अर्जित कर रहा है और अब टीम की संख्या बढ़कर 30 कर्मचारियों तक पहुंच गई है।

# कार्यसम्राट सामाजिक संस्था द्वारा 201 जरूरतमंद महिलाओं को खाद्य सामग्री भेंट

**पालघर(उत्तरशक्ति/अजीत सिंह)।** कार्यसम्राट सामाजिक संस्था की ओर से दीपावली के शुभ अवसर पर गुरुवार 31 अक्टूबर 2024 को आयोजित विशेष कार्यक्रम के दौरान 201 जरूरतमंद महिलाओं को खाद्य सामग्री भेंट किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि तौर पर उपस्थित पालघर जिले के सांसद डॉ.हेमंत विष्णु सावरा के हाथों छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित करते हुए की गई। इस मौके पर उपस्थित प्रमुख अतिथि सहित सभी मान्यवरों का स्वागत संस्था के पदाधिकारी एवं कार्यकताओं ने तिलक लगाकर




व पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। इस दौरान सांसद डॉ.हेमंत सावरा ने कार्यसम्राट सामाजिक संस्था के कार्यों की सराहना करते हुए संस्था के पांच वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में बधाई दी। वहीं मुख्य अतिथि सांसद डॉ.हेमंत सावरा व अन्य मान्यवरों के शुभ हाथों 201 जरूरतमंद महिलाओं को खाद्य सामग्री भेंट किया गया। इस अवसर पर समाजसेवी व विश्व हिंदू परिषद जिला अध्यक्ष महावीर जैन सोलंकी, जिला परिषद सदस्य महेंद्र भोणे, समासेविका व भाजपा नेत्री अर्चना वाणी, कार्य सम्राट सामाजिक संस्था अध्यक्ष विजय वैद्य, बोईसर शहर अध्यक्ष दीपक जाधव, नीरज पुरोहित, पंकज गौतम, गोविंद यादव, सुभाष पाटील, दिनेश सरोज, गणेश पाटील, अहमद खान, विवेक सिंह, हरीश दोरिक, लालजी मिश्रा, दीपिका वैद्य, लता पवार, मनाली ठाकुर, कविता मिश्रा, वैशाली ठाकरे, गीता जाधव, गीता शाहू,संध्या मिश्रा के अलावा संस्था के अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## उरण विधानसभा सीट पर बीजेपी के टिकट महेश बाल्दी पेश करेंगे अपना दावा

**मुंबई।** इसी महीने में महाराष्ट्र में होने वाले विधानसभा चुनाव का ऐलान हो चुका है। जिसके तहत 20 नवंबर को पूरे प्रदेश में एक ही चरण में मतदान होगा। तो वहीं, 23 नवंबर को चुनाव के नतीजे भी आ जाएंगे। ऐसे में प्रदेश के सभी सक्रिय राजनीतिक दल चुनावी तैयारी में जुट गए हैं और जोर-आजमाइश करने लगे हैं। इस विधानसभा चुनाव में उरण सीट से भारतीय जनता पार्टी ने महेश बाल्दी को अपना उम्मीदवार घोषित किया है। 23 नवंबर को यह स्पष्ट हो जाएगा की उरण विधानसभा की जनता ने इतिहास दोहराया है या फिर इतिहास बनाया है।

यह विधानसभा सीट रायगढ़ के अंतर्गत आती है और वर्तमान में यहां से निर्दलीय उम्मीदवार महेश बाल्दी विधायक है, यानि पिछले चुनाव में यहां की जनता ने सभी सियासी दलों को नकारते हुए निर्दलीय उम्मीदवार पर भरोसा किया था। पिछले छह चुनावों की यदि बात करें तो, यहां पर महेश बाल्दी (स्वतंत्र) 1 बार आगे रहे थे, पीडब्ल्यूपीआई 2 बार आगे रहे थे और एसएचएस 3 बार आगे रहे थे। इस बार के विधानसभा चुनाव का परिदृश्य कुछ अलग माना जा रहा है।

पिछले चुनाव की बात करें तो उरण विधानसभा क्षेत्र में तीन दलों का समीकरण ज्यादा दिखाई दे रहा था, इसके बावजूद निर्दलीय उम्मीदवार बाजी मारने में कामयाब हुए। लेकिन इस बार वोटिंग का पैटर्न क्या होगा यह देखने लायक होगा। उरण विधानसभा चुनाव में इस बार राजनीतिक समीकरण कुछ अलग ही बनते दिखाई दे रहे है।

# कांग्रेस जहां भी सत्ता में आती है, वहां राष्ट्र-विरोधी गतिविधियों को बढ़ावा मिलता है : आशीष शेलार

**मुंबई।** महाराष्ट्र में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता आशीष शेलार ने आरोप लगाया कि कांग्रेस जहां भी सत्ता में आती है, वहां राष्ट्र-विरोधी गतिविधियों को बढ़ावा मिलता है। शेलार ने लोगों से महा विकास आघाडी को वोट न देने की अपील की। संवाददाताओं से बातचीत के दौरान भाजपा की मुंबई इकाई के अध्यक्ष ने समाजवादी पार्टी द्वारा कांग्रेस के नेता पृथ्वीराज चव्हाण को लिखे पत्र का हवाला दिया जिसमें मुसलमानों के लिए आरक्षण और लव जिहाद के मामलों के लिए गठित समिति को रद्द करने की मांग की गई थी। उन्होंने पार्टी (कांग्रेस) पर तुष्टीकरण की राजनीति करने का आरोप लगाया।

शेलार ने कहा, कांग्रेस जहां भी सत्ता में आती है वहां राष्ट्र विरोधी गतिविधियों को बढ़ावा देती है। जहां भी पार्टी सत्ता में आती है, वहां सामाजिक अशांति और अस्थिरता हमेशा बनी रहती है। जम्मू कश्मीर में हाल ही में हुए आतंकवादी हमले इसका उदाहरण हैं। उन्होंने लोगों से 20 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद चंद्र पवार) और शिवसेना (यूबीटी) वाले एमवीए गठबंधन को वोट नहीं देने की अपील की। चव्हाण को लिखे सपा के पत्र का हवाला देते हुए शेलार ने कहा, हम इस तरह की गतिविधियों को वोट जिहाद कहते हैं। कांग्रेस तुष्टिकरण की राजनीति कर रही है। हम इस तरह के वोट जिहाद के पूरी तरह खिलाफ हैं। शिक्षा और सरकारी नौकरियों में मुसलमानों को आरक्षण देने के मामले में शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे का क्या रुख है? भाजपा नेता ने कहा कि महाराष्ट्र की पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) रश्मि शुक्ला का तबादला देश के निर्वाचन आयोग के निर्देश पर किया गया और विपक्ष को यह स्वीकार करना चाहिए कि निर्वाचन आयोग तटस्थ और निष्पक्ष है।

# डाबर रेड पेस्ट ने आईडीए से प्रतिष्ठित सील ऑफ एक्सेप्टेन्स हासिल किया

**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए डाबर रेड पेस्ट इंडियन डेंटल एसोसिएशन (आईडीए) से प्रतिष्ठित सील ऑफ एक्सेप्टेन्स हासिल करने वाला भारत का पहला स्वदेशी आयुर्वेदिक ब्राण्ड बन गया है। वर्ल्ड डेंटल शो के दौरान आईडीए और डाबर रैड पेस्ट के बीच इस साझेदारी की घोषणा की गई। शो में देश भर से 500 से अधिक डेंटिस्ट (दंत चिकित्सक) और डेंटिस्ट्री (दंत चिकित्सा) पढ़ने वाले छात्र शामिल हुए थे। डेंटिस्ट इस घोषणा का स्वागत कर रहे हैं क्योंकि वे अब आयुर्वेद के प्रमाणित फॉमूर्ले को अब अपनी ओरल केयर प्रेक्टिस में शामिल कर सकते हैं।

आईडीए के मानद महासचिव डॉ अशोक ढोबले ने कहा, ?पिछले 5000 सालों से आयुर्वेदिक चिकित्सा को भरोसेमंद माना जाता रहा है। वैज्ञानिक जांच के आधार पर डाबर रेड पेस्ट को इंडियन डेंटल एसोसिएशन से यह एक्सेप्टेन्स मिली है जो इस बात को तय करती है कि प्रोडक्ट सुरक्षा और प्रभाविता के मानकों पर खरा उतरता है। जांच के परिणामों में साफ हो गया है कि यह प्रोडक्ट दांतों की समस्याओं को कम करने और ओरल हेल्थ को बनाए




रखने में कारगर है, अगर इसे निदेर्शानुसार इस्तेमाल किया जाए। ऐसे में यह सील ऑफ एक्सेप्टेन्स, विज्ञान और आयुर्वेद के रिश्ते को नया आयाम देगी। इसके अलावा यह डाबर के लिए बेहद गर्व की बात है जो इस बैज को हासिल करने वाला पहला स्वदेशी ब्राण्ड बन गया है।

डाबर इंडिया लिमिटेड के मार्केटिंग ईवीपी श्री अभिषेक जुगरान ने कहा, ह्यह्यआईडीए की सील डाबर रेड पेस्ट के पेटेंटेड फॉमूर्ले की दक्षता और सुरक्षा का प्रमाण है। डाबर रेड पेस्ट इस सील को हासिल करने वाला भारत का पहला स्वदेशी ब्राण्ड बन गया है। इस अवसर पर हम आईडीए की सराहना करना चाहेंगे, जो आम लोगों के मुख के स्वास्थ्य में सुधार लाने के लिए प्रयासरत है और ऐसे टूथपेस्ट को स्वीकार्यता प्रदान दे रहा है, जो ओरल हेल्थ को सुनिश्चित करता है। उपभोक्ता पूरे भरोसे के साथ विज्ञान और आयुर्वेद के इस संयोजन डाबर रेड पेस्ट को चुन सकते हैं और किसी भी तरह की दांतों की समस्याओं से सुरक्षित रह सकते हैं।

वर्ल्ड डेंटल शो के दौरान दंत चिकित्सकों ने डाबर रेड पेस्ट के पीछे मौजूद विज्ञान का समझने में उत्सुकता जताई। इस अवसर पर प्रोडक्ट के इन्ग्रीडिएन्ट्स, उनक वैज्ञानिक नामों और फायदों को डिस्प्ले किया गया, ताकि चिकित्सक इनके फायदों के बारे में जान सकें।

यह प्रमाणित हो चुका है कि भारत का नंबर 1 आयुर्वेदिक पेस्ट- डाबर रेड पेस्ट दांतों की 7 समस्याओं से निपटने में कारगर है जैसे दांत में दर्द, मसूड़ों से खून आना, सांस में बदबू, कैविटी, दांतों का पीलापन, जर्म्स और प्लॉक जमना। 13 शक्तिशाली आयुर्वेदिक अवयवों से बना यह अनूठा फॉमूर्ला मुँह की सम्पूर्ण देखभाल करता है।

उत्तरशक्ति
* संपादकः ओमप्रकाश प्रजापति
* संरक्षकः सुरेश प्रजापति
* उप संपादकः प्रेम चंद मिश्रा
* प्रबंध संपादकः डा. शेषधर बिन्द
उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है।
पत्राचार कार्यालयः
उत्तरशक्ति (हिंदी दैनिक) नियर जॉनसन हाऊस, शाप नंबर - 21, उन्नति सी.एच.एस. सेनापति बापट मार्ग, माहिम (वेस्ट) मुंबई-400016
मो.- 9554493941
email ID- uttarshaktinews@gmail.com
कार्यालयः मुंबई-पूणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5, ए-337 ट्रक टर्मिनल डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल ऑटाफ हिल वडाला, मुंबई-37




स्वामी- शरद फागूराम प्रजापति, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक ओमप्रकाश रविन्द्रनाथ प्रजापति द्वारा एस.आर. पब्लिकेशन मोहन अर्जुन कम्पाउंड गोडाउन नं.-08,09,10 नियर घर्टनपाड़ा वैशाली नगर लास्ट बस स्टाफ दहिसर (ई.) मुंबई 400068 से मुद्रित एवं 103, प्रथम फ्लोर बी विंग एयरपोर्ट ब्यू सी.एच.एस. लि. वीर मकरन्द घानेकर मार्ग आजाद रोड फायर विग्रेड विले पारले (ई.) जिला मुंबई (महाराष्ट्र) से प्रकाशित। RNI NO. MAHHIN/2018/76092 *संपादक- ओमप्रकाश रविन्द्रनाथ प्रजापति, इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के लिए उत्तरदायी तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद मुंबई न्यायालय के अधीन होंगे।
पत्राचार कार्यालयः नियर जॉनसन हाऊस, शाप नंबर - 21, उन्नति सी.एच.एस. सेनापति बापट मार्ग, माहिम (वेस्ट) मुंबई-400016 * मो.- 9554493941 email ID- uttarshaktinews@gmail.com,

# अमान महताब बने समाजवादी छात्र सभा के जिला सचिव

## फूल मालाओं से हुआ स्वागत

**निशानाथ खेतासराय संवाददाता**

खेतासराय,जौनपुर (उत्तरशक्ति)। क्षेत्र के पाराकमाल गाँव निवासी युवा नेता अमान महताब को समाजवादी पार्टी में छात्र सभा में शामिल करते हुए पार्टी ने एक नई जिम्मेदारी सौंपी है। जिससे सुख-चिन्तकों ने विभिन्न माध्यमों से बधाई एवं शुभकामनाएं दे रहे। जानकारी के अनुसार क्षेत्र के पाराकमाल निवासी सपा नेता अमान महताब के प्रतिभा को देखते हुए समाजवादी पार्टी जिला अध्यक्ष राकेश मौर्य ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर छात्र सभा का जिला सचिव मनोनीत किया है। जिससे सुख-चिन्तको में खुशी की लहर है। बधाई एवं शुभकामनाएं देने वालों का सिलसिला जारी है। मीडिया से बातचीत करते हुए नवागत सचिव अमान ने बताया की छात्रों की समस्याओं को लेकर समाजवादी छात्रसभा हमेशा से मुखर रही है छात्रों के हित की लड़ाई मजबूती से लड़ी जाएगी छात्रों की बे-तहाशा फीस वृद्धि को लेकर छात्र सभा सरकार फीस नियंत्रित करने की मांग करेगी। छात्रों के स्कालर शिप की सबसे बड़ी समस्या है जो समय से नही मिल रही है जिससे छात्रों के आगे की पढ़ाई जारी रखने में समस्या हो रही है समाजवादी छात्र सभा इसके लिए भी आवाज बुलंद करेगी। बधाई देने वालों में आजम खान एडवोकेट, मोझ्न राफे, गुड्डू यादव, मुन्ना मौर्य, राकेश यादव, सलीम अहमद, उमैर खान, आदि लोगों ने बधाई दिया।



# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस पर प्राप्त 47 शिकायतों में 7 का हुआ निस्तारण

जौनपुर,(उत्तरशक्ति)। जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र की अध्यक्षता में तहसील सदर के सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी के द्वारा उपस्थित शिकायतकताओं की समस्याओं को गम्भीरतापूर्ण सुनते हुए समस्या के निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी के समक्ष भूमि विवाद, पेंशन, आदि से सम्बन्धित शिकायते प्राप्त हुई। जिसपर उन्होंने निर्देशित किया कि शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण एवं ससमय किया जाए। इस दौरान जिलाधिकारी के समक्ष कुल 47 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें 07 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कराया गया ।सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान उप जिलाधिकारी सदर, तहसीलदार, नायब तहसीलदार सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे। इसी क्रम में जनपद के अन्य तहसीलों में भी सम्पूर्ण समाधान दिवस का भी आयोजन किया गया और जनसामान्य की शिकायतों को सुना गया और सम्बन्धित अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिये गये।



# शाहगंज पुलिस टीम ने गुमशुदा बच्ची को 4 घंटे के अन्दर किया बरामद

जौनपुर,(उत्तरशक्ति)। थाना शाहगंज पुलिस टीम द्वारा गुमशुदा बच्ची को 04 घंटे के अन्दर किया गया बरामद। पुलिस अधीक्षक जौनपुर, डा0 अजय पाल शर्मा द्वारा अपराध की रोकथाम एवं गुमशुदा व्यक्तियों की बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर जौनपुर के दिशा निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी शाहगंज के पर्यवेक्षण में थाना शाहगंज पुलिस टीम द्वारा प्रभारी निरीक्षक शाहगंज के नेतृत्व में कल दिनांक 03.11.2024 को आवेदिका शशि शुक्ला पत्नी नीरज शुक्ला निवासिनी योगी तिराहा थाना शाहगंज जौनपुर द्वारा सूचना दिया गया कि मेरी पुत्री शगुन शुक्ला शाम 05.30 बजे बिना बताये घर से चली गयी है। जिसके सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मु0अ0स0 365/2024 धारा 137(2) बीएनएस 2023 पंजीकृत कर विवेचना उ0नि0 विनय कुमार सिंह को सुपुर्द की गयी। पुलिस द्वारा सक्रियता दिखाते हुए 04 घंटे के अन्दर गुमशुदा शगुन शुक्ला को सकुशल बरामद कर लिया गया तथा उसे उसके परिजनों को सुपुर्द किया गया। गुमशुदा का नाम पता-. शगुन शुक्ला पुत्री नीरज शुक्ला उम्र करीब 11 वर्ष निवासी योगी तिराहा थाना शाहगंज जौनपुर।



# वाराणसी में आज नाग नथैया लीला को देखने उमड़ेगी 10 लाख से ज्यादा की भीड़

## 498 वर्ष पहले गोश्वामी तुलसी दास ने किया था शुभारम्भ

**डॉ.एस.के.मिश्र जिला संवाददाता**

वाराणसी,(उत्तरशक्ति)। जनपद में दीपावली के उत्सव के बाद अब वाराणसी के प्रसिद्ध तुलसी घाट पर होने वाली नाग नथैया लीला की तैयारियों में तेजी आ गई है। इस बार नाग नथैया लीला मंगलवार को आयोजित की जाएगी। लगभग 498 साल पहले गोस्वामी तुलसीदास ने काशी के भदैनी क्षेत्र में कार्तिक माह के दौरान श्रीकृष्ण लीला की शुरूआत की थी। जिसमें श्रद्धा और भक्ति का अनोखा संगम देखने को मिलता है। इस आयोजन के दौरान काशी का तुलसी घाट गोकुल की छवि और उत्तरवाहिनी गंगा यमुना नदी का प्रतीक बन जाता है।



गोस्वामी तुलसीदास द्वारा शुरू की गई इस 22 दिवसीय लीला की परंपरा आज भी जीवित है। जिसमें संत तुलसीदास ने भगवान राम के प्रति अपनी भक्ति के साथ-साथ भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं को भी लोगों तक पहुंचाया। लीला में श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव, पूतना वध, कंस वध, और गोवर्धन पर्वत की अद्भुत कथाओं का मंचन होता है। इस आयोजन के लिए एक माह पहले कृष्ण, बलराम और राधिका की भूमिकाओं के पात्र चुने जाते हैं। तुलसी घाट पर तैयारियां जोरों पर हैं। पीपा पुल लाया गया है। तुलसी घाट पर बैरिकेडिंग की जा रही है।और नाग का फन और धड़ तैयार किए जा रहे हैं। नाग के फन को रंगों से सजाया गया है। और उस पर रोशनी भी लगाई जाती है। इसके साथ ही नाग के शरीर का घर बनाने के लिए कपड़े और पुआल का उपयोग किया गया है। लीला के इस आयोजन में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका कदम के पेड़ की होती है। इसी पेड़ पर भगवान कृष्ण प्रकट होते हैं और भक्तों को दर्शन देने के बाद गंगा रूपी यमुना में बाल निकालने के लिए कूदते हैं। भगवान श्रीकृष्ण ठीक 4:40 पर इस नदी में छलांग लगाते हैं। जैसे ही वह जल में कूदते हैं। पूरा घाट "कृष्ण भगवान की जय" और "हर हर महादेव" के उद्घोष से गूंज उठता है। इस बार इस आयोजन में लगभग 10 लाख लोगों के जुटने की उम्मीद है।

# यातायात पुलिस ने 1285 वाहनों का किया चालान

जौनपुर,(उत्तरशक्ति)। यातायात पुलिस जनपद जौनपुर 04.11.2024 को पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में यातायात माह नवम्बर 2024 के दौरान शहर के पॉलिटेक्निक चौराहा पर ऑटो रिक्शा, ई रिक्शा व बस के चालको व परिचालकों को इकट्ठा कर यातायात नियमों के बारे में जागरूक किया गया तथा प्रवर्तन की कार्यवाही में 1285 वाहनों का चालान किया गया।आज दिनांक 04.11.2024 को श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी यातायात/नगर देवेश सिंह, प्रभारी निरीक्षक यातायात जी0डी0 शुक्ला, व समस्त उप निरीक्षक यातायात के द्वारा यातायात माह नवम्बर 2024 के दौरान शहर के पॉलिटेक्निक चौराहे पर ऑटो रिक्शा, ई रिक्शा व बस के चालको व परिचालकों को एकत्रित कर यातायात नियमों के बारे में जागरूक किया गया साथ ही सड़क पर वाहनों को खड़ा करके दुर्घटना का कारण बनने व जाम लगाने वाले वाहनों को उनके मालिकों को आगे ऐसा न करने की चेतावनी देते हुये हटवाया गया न हटाने वाले वाहनों के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की गयी तथा लाउडस्पीकर से अनाउंसमेंट कर यातायात नियमों के बारे में जागरुक किया गया। हेलमेट व सिटबेल्ट लगा करके वाहन चलाने, मोटर साइकिल में तीन सवारी ना बैठाना, हाई स्पीड वाहन न चलाना व वाहनों के शिशों में काली फिल्म न लगानें तथा उससे हो रही दुर्घटनाओं को कम करनें के बारे में जागरूक किया गया तथा प्रवर्तन की कार्रवायी में 1285 वाहनों का चालान किया गया।



# वाराणसी एयरपोर्ट के गेट की चाबी हुई गायब

## लॉक काटकर यात्रियों को निकालना पड़ा बाहर

वाराणसी,(उत्तरशक्ति)। एयरपोर्ट पर यात्रियों को अराइवल गेट पर 30 मिनट तक खड़ा रहना पड़ा। इसको लेकर एक यात्री ने एक्स पर पोस्ट की। बताया जा रहा कि रविवार शाम शारजाह से एयर इंडिया एक्सप्रेस के विमान से पहुंचे यात्रियों को अराइवल गेट की चाबी गुम होने के कारण काफी इंतजार करना पड़ा। इसके बाद गेट का लॉक काटकर यात्रियों को बाहर निकाला गया।

एयर इंडिया एक्सप्रेस का विमान आईएक्स 184 शारजाह से 186 यात्रियों को लेकर बाबतपुर एयरपोर्ट पर शाम 5:50 बजे पहुंचा। अराइवल गेट का लॉक नहीं खुलने के कारण यात्रियों को खड़ा कराया गया। कुछ देर बाद मालूम चला कि लॉक की चाबी गुम हो गई है। इस दौरान विमान से यात्रा के लिए पहुंचे एक यात्री ने फोटो के साथ एक्स पर तंज कसते हुए लिखा कि वाराणसी एयरपोर्ट पर ये हाल इमिग्रेशन से ठीक पहले सुरक्षाकर्मी हाल के गेट का लॉक आधे घंटे से नहीं खोल पा रहे हैं।



# पुण्यतिथि पर प्रतिभा सम्मान समारोह का होगा आयोजन

◆ चार हजार लाभार्थियों को कंबल एवं ग्यारह हजार छात्रों को नोटबुक का होगा

जौनपुर,(उत्तरशक्ति)। सुजानगंज क्षेत्र के सोनहिता ग्राम निवासी उद्योगपति गुजरात प्रमोद पाठक द्वारा अपने पिता स्वर्गीय पं. मुरलीधर पाठक की चतुर्थ पुण्यतिथि पर प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया है। जिसमें चार हजार लाभार्थियों को कंबल एवं प्राथमिक विद्यालय में अध्यनरत ग्यारह हजार छात्रों को नोटबुक वितरण का आयोजन किया जा रहा है। वार्ता के दौरान पाठक जी ने बताया कि अपने पिता की पुण्यतिथि पर यह आयोजन हर वर्ष करते हैं जानकारी देते हुए यह भी बताया कि यह कार्यक्रम राष्ट्रीय पीजी कॉलेज सुजानगंज के प्रांगण में दिनांक 8 नवंबर 2024 दिन शुक्रवार को समय सुबह 9:00 बजे से होगा जहां सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया है जिसमें अलका सिंह पहाड़िया लोकगीत गायिका जिला टॉप विजेता महुआ टीवी एवं मनोहर सिंह गायक अभिनेता सुर संग्राम 2 आ रहे हैं। वहीं राज्यसभा सांसद सीमा द्विवेदी के नेतृत्व में यह कार्यक्रम संपन्न होगा।




# चकबंदी आयुक्त उत्तर प्रदेश भानुचन्द्र गोस्वामी ने चकबंदी विभाग के कार्यो की किया समीक्षा

## मुकदमों की फीडिंग न कराए जाने पर व्यक्त की नाराजगी

## मानीकला में अभिलेखों से छेड़छाड़ करने वालों पर कार्यवाही करने का दिया निर्देश

जौनपुर,(उत्तरशक्ति)। चकबंदी आयुक्त उत्तर प्रदेश लखनऊ भानुचन्द्र गोस्वामी के द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में चकबंदी विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक की गयी ।जनपद जौनपुर के कार्यों की समीक्षा करते हुए चकबन्दी आयुक्त ने निर्देशित किया कि माइक्रो प्लान बनाते हुए लंबित चकबंदी प्रक्रिया का कार्य पूर्ण किया जाए। सभी अधिकारी अपने कार्यशैली में परिवर्तन लाए अन्यथा कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि एक-एक गांव की समीक्षा पृथक रूप से की जाएगी ।चकबंदी आयुक्त ने सभी एसीओ को निर्देशित किया कि जिन मुकदमों में समझौता नहीं हुआ है उन्हें 15 दिन के भीतर वाद के रूप में पंजीकृत कराए अन्यथा कार्यवाही के लिए तैयार रहे। चकबंदी आयुक्त ने निर्देशित किया कि सभी संबंधित अधिकारी प्रारूप और पोर्टल पर फीडिंग समय से करा दें। उन्होंने एसओसी और सीओ को निर्देशित किया कि 15 नवंबर तक सभी वाद प्रत्येक दशा में पंजीकृत करा ले। उन्होंने एसीओ स्तर पर मुकदमो की फीडिंग न कराए जाने पर नाराजगी व्यक्त की। चकबंदी आयुक्त ने निर्देश दिया कि मानीकला में अभिलेखो से छेड़छाड़ करने वालों पर कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि 14 नवंबर को जौनपुर के सभी हाई कोर्ट के लंबित मुकदमों की समीक्षा की जाएगी। उन्होंने सख्त निर्देशित किया कि जिन गावों का धारा 52 लम्बित है उन्हें प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित करायें ।इस दौरान उन्होंने जौनपुर के साथ ही वाराणसी, चन्दौली, मिजार्पुर, आजमगढ़, गाजीपुर के चकबन्दी कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने फसल कटाई के दौरान धारा सात व आठ को पूर्ण करने के निर्देश दिए। चकबंदी के अधीन गांव में चक सम्बन्धी कार्य करने,धारा 10 पूर्ण करने के निर्देश दिये, वादों के संदर्भ में जानकारी ली तथा प्राप्त आपत्तियों के सन्दर्भ में उन्होंने कहा कि इनका निस्तारण प्राथमिकता पर रखकर किया जाए अन्यथा की स्थिति में वाद के रूप में पंजीकृत किया जाए। डी0डी0सी चकबन्दी को निर्देशित किया कि कार्य योजना बनाकर मार्च 2025 तक वर्ष 2020 से पहले तक के सभी वादों का निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने सख्त निर्देश दिया कि चकबंदी प्रक्रिया में व्याप्त विसंगतियों को दूर करें, चकबंदी के अंतर्गत गांव में लंबे समय से चल रहे मुकदमों की वजह की भी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जिन भी गांव में जो भी कार्य हो रहे हैं उन्हें उचित प्रारूप में भरा जाए। कानूनगो की कमी पर वाराणसी में कानूनगों को संबद्ध कर कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिये। गांव में समय पर चक न काटे जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की तथा कार्यशैली को बदलने के निर्देश दिये तथा काम को लटका कर न रखने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अभिलेखों के मिलान के कारण काम न रोके जाएं। इस दौरान आयुक्त चकबंदी द्वारा धारा 7 भू-चित्र का पुनरीक्षण के संदर्भ में बंदोबस्त अधिकारी चंदौली को निर्देशित किया कि समिति का गठन करते हुए गाटावर सूची उपलब्ध कराएं। धारा 8 पड़ताल स्तर, धारा 9 विनिमय अनुपात निर्धारण के अंतर्गत अवशेष भरे हुए प्रारूप को पूर्ण करने के निर्देश दिए तथा सूचना अद्यतन रूप में उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। प्रारूप 4 के अंतर्गत सीओ, एसीओ स्तर से संबंधित मुकदमों के संदर्भ में जानकारी ली। धारा 27, धारा 24 कब्जा परिवर्तन हेतु सत्यापन के लिए लंबित प्रकरण की समीक्षा की। समीक्षा बैठक में जनपद चंदौली में चकबंदी में अच्छा कार्य कराए जाने पर प्रशस्ति पत्र देने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर जिलाधिकारी जौनपुर दिनेश चन्द्र, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व रामअक्षयबर चौहान, संयुक्त संचालक सचिव मुधसूदन दूबे, सीआरओ मिजार्पुर, आजमगढ़, समस्त एसओसी बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी सहित अन्य उपस्थित रहे।







# नाबालिग से अप्राकृतिक दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

जौनपुर,(उत्तरशक्ति)। खेतासराय पुलिस ने एक नाबालिग के साथ अप्राकृतिक दुष्कर्म करने के आरोप में वांछित आरोपियों को सोमवार को आजाद नहर पुलिया से गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों में दो नाबालिग हैं। तीनों आरोपियों का चालान न्यायालय भेज दिया गया। थानाध्यक्ष रामाश्रय राय के अनुसार चार दिन पहले नगर के एक मोहल्ला में एक नाबालिग के साथ दो किशोर और एक युवक ने अप्राकृतिक दुष्कर्म किया था। पीड़ित की मां की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही थी। सुबह आजाद नहर पुलिया से आरोपी कपिल पुत्र मेलावन और दो नाबालिग आरोपियों को गिरफतार किया गया।




# पुरानी रंजिश में दम्पत्ति को मारपीट कर छीने रुपये

## कोतवाली पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी

**विशाल सोनी संवाददाता शाहगंज**

शाहगंज,जौनपुर (उत्तरशक्ति)। पुरानी रंजिश के चलते हुए मनबढ़ों ने मोटरसाइकिल पर सवार दम्पत्ति को मारपीट कर रुपये छीन लिए। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सबरहद निवासी जैनुद्दीन पुत्र हमीद सोमवार की दोपहर अपनी पत्नी के साथ मोटरसाइकिल पर सवार होकर अपने किसी रिस्तेदारी से होकर अपने घर सबरहद आरहा था ।की क्षेत्र के गन्ना कृषक महाविद्यालय ताखा पश्चिम के निकट दो बाइक पर सवार पाँच युवक उक्त दम्पत्ति की गाड़ी रोक कर बुरी तरह मारा पीटा और लगभग पांच हजार रुपये भी लूट लिये और बुरी तरह घायल कर दिए ।चीखने चिल्लाने पर बाइक से आये मनबढ भाग गए ।घायल दम्पत्ति किसी तरह मामले की सूचना कोतवाली पुलिस को लिखित तहरीर देकर कार्यवाई की मांग की। बताया जाता है उक्त मनबढो से मैनुद्दीन का पुरानी रंजिश चल रही है।



# सखी वेलफेयर फाउंडेशन ने अभिव्यक्ति सीजन 3 द्वारा 'अखण्ड एवं अलौकिक भारत' समारोह का किया आयोजन

◆ नारी शक्ति बंदन अधिनियम दिलाएगा महिलाओं को उनका हकः राज्यमंत्री गिरीश चंद्र यादव

◆ सामूहिक प्रयास से ही होगा नारी सशक्तिकरण : ज्ञान प्रकाश सिंह

**इम्तियाज अहमद/रियाजुल हक**

जौनपुर,(उत्तरशक्ति)। सखी वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा अभिव्यक्ति सीजन 3 के अंतर्गत अखंड एवं अलौकिक भारत के नाम एक सांस्कृतिक संध्या समारोह का आयोजन नगर के शिया पीजी कॉलेज के मैदान में किया गया, जिसके अंतर्गत युवतियों के आत्म विकास हेतु एक प्रतियोगिता के माध्यम से उनके द्वारा भारतीय गणतंत्र के विविध राज्यों के सांस्कृतिक समृद्धि एवं एकता के प्रतीक रंगारंग परिधान में प्रतिभागियों द्वारा प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश सिंह, मुख्य अतिथि गिरीश चन्द्र यादव राज्यमंत्री, संस्थाध्यक्ष प्रीति गुप्ता, विशिष्ट अतिथिगण पूर्व विधायक सुषमा पटेल, डॉ क्षितिज शर्मा, दिनेश टंडन, राजेश राज गुप्ता, मुरली पाल, डॉ विवेक श्रीवास्तव, डॉ पवन चौरसिया, प्रदीप सिंह रिंकू, नारायण चौरसिया, डॉ ब्रिजेश कन्नौजिया सहित सखी वेलफेयर कि सखियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर ज्ञान प्रकाश सिंह ने कहा कि महिलाओं एवं युवतियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए उनका शिक्षित होना अत्यंत आवश्यक है तथा उनके आत्म विकास के लिए सभी सामाजिक संस्थाओं को बढ़-चढ़कर उनके लिए इस तरह के प्रतिस्पर्धात्मक कार्यक्रमों का आयोजन करना चाहिए। मुख्य अतिथि माननीय गिरीश चंद्र यादव ने नारी सशक्तिकरण के लिए सखी वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा किये जा रहे कार्यों की सराहना की तथा कहा कि सरकार नारी सशक्तिकरण के प्रति प्रतिबद्ध है तथा नारी शक्ति बंधन अधिनियम महिलाओं को उनका हक दिलाने में एक कारगर कानून साबित होगा। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि सुषमा पटेल ने कहा कि यदपि सरकार नारी सशक्तिकरण के लिए विभिन्न योजनाओं का क्रियान्वयन कर रही है लेकिन समाज की भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है कि वह आधी आबादी के साथ कदम में कदम मिलाकर चले। अखंड एवं अलौकिक भारत थीम पर आधारित प्रतिभागियों ने भारत के विभिन्न राज्यों की वेशभूषा में रंगारंग प्रदर्शन करके उपस्थित जनमानस का मन मोह लिया। निर्णायक मण्डल सदस्य ज्योति कपूर, ममता उपाध्याय, शर्मिला सिंह, डॉ प्रियंका श्रीवास्तव ने अपना निर्णय सुनाते हुए हिमाचल प्रदेश के परिधान में तनु प्रजापति को विनर, छत्तीसगढ़ के परिधान में हिमांशी साहू को फर्स्ट रनर अप तथा अरुणाँचल प्रदेश के परिधान में सुसज्जित प्रकृति श्रीवास्तव को सेकंड रनर घोषित किया। अभिव्यक्ति सीजन 3 में प्रियांशी जायसवाल, गुलफाम, टी डी एम सी स्कूल के बच्चों तथा आशीष त्रिपाठी द्वारा प्रशिक्षित किए गए बच्चों ने सामूहिक राष्ट्रभक्ति प्रस्तुति देकर उपस्थित जनसमूह को भाव विभोर कर दिया। सखी वेलफेयर फाउंडेशन टीम द्वारा समारोह में योगदान के लिए प्रयोजकों का विशेष आभार व्यक्त किया गया तथा इवेंट पार्टनर रौनक गुप्ता, कोरियोग्राफर राज सिंह चौधरी, मेकअप पार्टनर उ3 छोटी तिवारी, फोटोग्राफी पार्टनर कन्हैया केसरवानी, वीडियो ग्राफी पार्टनर स्वयं जायसवाल, सपोर्टिंग क्रिएटिव टीम में आशीष त्रिपाठी, पीयूष मौर्य, सागर सिंह सोलंकी, अंकित साहू, शुभम गुप्ता आदि को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन संस्था की महासचिव अर्चना सिंह द्वारा किया गया। उपस्थित सभी अतिथियों एवं जनमानस का स्वागत संस्था की कार्यकारी अध्यक्ष तूलिका श्रीवास्तव ने किया।

कार्यक्रम के अंत में आयोजन समिति की अध्यक्ष सखी शीला राय ने उपस्थित सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर संजय केडिया, सरला महेश्वरी, स्वर्णिमा जायसवाल, सरिता निगम, तसनीम जैदी, पिंकी जायसवाल, चेतना साहू, रजनी साहू, विभा साहू, उमा गुप्ता, रूपम शुक्ल, मीनू बरनवाल, संचिता बैंकर, शकुन्तला मौर्य, शशि मिश्र, कामना सिंह, प्रतिमा गुप्ता, आरती सिंह, साधना साहू, सुहानी शाह, केके जयसवाल. डॉ ब्रह्मेश शुक्ल, दिलीप तिवारी, मनोज वत्स, राजेश कुमार सहित जनपद के तमाम स्वयंसेवी संस्थाएं व गणमान्य लोग उपस्थित रहे।







कार्यालय
उत्तरशक्ति (हिन्दी दैनिक)
निकट- हुमा मस्जिद वार्ड नम्बर-35, मुफ्ती मोहल्ला
जनपद- जौनपुर (उ0प्र0)- 222001
कार्यालय 9695970605
मुख्यालय 9554493941
E-mail: uttarshaktijaunpur7066@gmail.com
विज्ञापन, सूचना सम्बन्धित खबरों के लिए सम्पर्क करें।
Website-www.uttarshakti.co.in
YouTube UTTAR SHAKTI TV NEWS
हर खबर निष्पक्षता के साथ

## पूर्व सैनिक देवी सहाय मिश्र का निधन



**प्रतापगढ़(उत्तरशक्ति)।** सेवानिवृत्त थल सेना के जवान देवी सहाय मिश्र का हृदय गति रुक जाने से निधन हो गया। वे 95 वर्ष के थे। पूर्व जिला पंचायत सदस्य एडवोकेट महेश मिश्र ने बताया कि देवी सहाय मिश्र कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। उनका इलाज रायबरेली स्थित एम्स अस्पताल में चल रहा था। डॉक्टरों के प्रयास के बावजूद उनके स्वास्थ्य में सुधार नहीं हो रहा था। इसके बाद डॉक्टरों ने उन्हें दूसरे अस्पताल में ले जाने की सलाह दी। इसके बाद उन्हें मुंशीगंज लाया गया। लेकिन यहां अस्पताल में उपचार के दौरान उनका निधन हो गया। पूर्व सैनिक मिश्र का अंतिम संस्कार प्रयागराज में किया गया। आगे क्रिया अंतु के समीप उनके पैतृक गांव बभनी में होगी। पूर्व सैनिक मिश्र 1962, 1965 और 1971 के युद्ध में शामिल होकर अदम्य साहस का परिचय दिया था। उनकी वीरता को देखते हुए सेना अधिकारियों ने कई मेडल दिए थे। रिटायर्ड होने के बाद वे सामाजिक गति विधियों में शामिल होकर जन सेवा को अपना कर्म बनाया। जनहित कार्यों ने इन्हें लोकप्रिय बना दिया।

## मुरलीधर पाठक के पुण्य स्मृति में प्रतिभा सम्मान समारोह का होगा आयोजन




**जौनपुर (उत्तर शक्ति)।** सुजानगंज क्षेत्र के सोनहिता ग्राम निवासी उद्योगपति गुजरात प्रमोद पाठक द्वारा अपने पिता स्वर्गीय पं. मुरलीधर पाठक की चतुर्थ पुण्यतिथि पर प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया है। जिसमें चार हजार लाभार्थियों को कंबल एवं प्राथमिक विद्यालय में अध्यनरत ग्यारह हजार छात्रों को नोटबुक वितरण का आयोजन किया जा रहा है। वार्ता के दौरान पाठक जी ने बताया कि अपने पिता की पुण्यतिथि पर यह आयोजन हर वर्ष करते हैं जानकारी देते हुए यह भी बताया कि यह कार्यक्रम राष्ट्रीय पीजी कॉलेज सुजानगंज के प्रांगण में 8 नवंबर 2024 दिन शुक्रवार को समय सुबह 9:00 बजे से होगा जहां सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया है। जिसमें अलका सिंह पहाड़िया लोकगीत गायिका जिला टॉप विजेता महुआ टीवी एवं मनोहर सिंह गायक अभिनेता सुर संग्राम 2 आ रहे हैं। वहीं राज्यसभा सांसद सीमा द्विवेदी के नेतृत्व में यह कार्यक्रम संपन्न होगा। यह जानकारी लालशेखर सिंह ने दी है।

## शहाड में दीपावली स्नेह सम्मेलन 5 नवंबर को

**कल्याण।** 5 नवंबर 2024 को सुबह 11 बजे से 2 बजे तक मोहने रोड, शहाड स्थित श्री शिव मल्हार वाड़ी सेवा संस्था , गणपति विसर्जन घाट परिसर में दीपावली स्नेह- सम्मेलन प्रकाश पर्व दीपावली के उपलक्ष्य में सुंदर कांड का संगीतमय पाठ सुमधुर भजन, स्नेह-सम्मेलन एवं महाप्रसाद का आयोजन किया गया है। मुख्य अतिथि प्रख्यात समाजसेवी, मूर्धन्य साहित्यकार शैक्षणिक एवं साहित्यिक संस्थाओं के संचालक डॉ. विजय पंडित, विशिष्ट अतिथि के रूप में सृजन साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्था के अध्यक्ष रामचंद्र पांडेय उपस्थित रहेंगे। अध्यक्षता बृहन्मुंबई महानगर पालिका के पूर्व उपशिक्षणाधिकारी चंद्रकेश आय. सिंह करेंगे। कार्यक्रम के संयोजक संयोजक मनपा स्कूलों के पूर्व अधीक्षक रामचंद्र आर. पाण्डेय, सत्यनारायण पांडेय, ए. के.सिंह, श्रीप्रकाश मिश्रा, जयप्रकाश सिंह,दिनेश प्रताप सिंह, राजेन्द्र सिंह, सरोज मिश्रा, महेंद्र प्रताप सिंह, रमेश सिंह, राजेन्द्र सिंह (परिहार) मौजूद रहेंगे।

## श्री व्यंकटेश देवस्थान में तीसरे दिन गरुड़ सवारी की झांकी



**मुंबई(उत्तरशक्ति)।** फणस वाड़ी स्थित श्री व्यंकटे श बालाजी भगवान के मंदिर में व्यंकटेश बालाजी की गरुड़ वाहन की सवारी की झांकी प्रस्तुत की गयी। इस अद्भुत नजारे को देखने हेतु हजारों श्रद्धांधालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी।

यह समारोह 9 नवम्बर तक चलेगा। रोजाना नई झांकी प्रस्तुत की जाएगी। जगतगुरु स्वामी श्रीनिवासचार्य एवं बालक स्वामी श्री अनंतचार्य के सानिध्य में यह कार्यक्रम संपन्न होगा।



मीरा भायंदर काशीमीरा वार्ड क्रमांक (14) दीपावली के शुभ अवसर पर शिवसेना शाखा प्रमुख राहुल कमलाकर पाटिल द्वारा अपने ऑफिस पर उत्तरशक्ति हिंदी दैनिक के पत्रकार तारकेश्वर पांडे को उपहार स्वरूप मिठाई का डब्बा देकर दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं दी। छायाचित्र: उत्तरशक्ति

## मुलुंड से म.वि.आ.के उम्मीदवार राकेश शेट्टी को बधाई



मुंबई। मुलुंड विधानसभा क्षेत्र से राष्ट्रवादी कांग्रेस की उम्मीदवार सौ.संगीता वाजे के द्वारा नामांकन पत्र वापस लिए जाने पर युवा नेता राकेश शेट्टी म वि आघाड़ी कांग्रेस के उम्मीदवार घोषित हुए है। राकेश शेट्टी की घोषणा के पश्चात वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ बाबूलाल सिंह, उत्तम गीते (कार्याध्यक्ष ), डॉ सचिन सिंह(महासचिव), रमाशंकर तिवारी (महासचिव समाजवादी पार्टी मुंबई ), मैथ्यु चेरियन, सुलभ जैन (पत्रकार), शिवनारायण जायसवाल, के डी यादव ने पुष्प गुच्छ प्रदान कर राकेश शेट्टी को शुभकामनायें प्रदान किया.

## सामाजिक सद्भावना और एकता से ही देश की प्रगति संभव: बाबा दुबे

### पूर्वांचल में लोगों को संगठित करने का लिया संकल्प



**जौनपुर।** राजनीतिक कारणों के चलते जिस तरह से लोगों में बिखराव देखने को मिल रहा है। सामाजिक एकता और राष्ट्रीयता को गंभीर खतरा पैदा हो गया है, उसे देखते हुए लोगों को संगठित करना और एकता के सूत्र में पिरोना अति आवश्यक हो गया है। यही कारण है कि उन्होंने राजनीति से हटकर लोगों को संगठित करने और एकता को मजबूत करने का संकल्प लिया है। ओम श्री संगठन द्वारा जौनपुर के नवनिर्मित द होटल जेएमएस ग्रैंड के शानदार सभागृह में आयोजित भारत के समग्र उत्थान में एकता की महत्ता विषय पर आयोजित मनोमंथन में बोलते हुए कार्यक्रम के संयोजक तथा पूर्व विधायक ओमप्रकाश दुबे उर्फ बाबा दुबे ने उपरोक्त बातें कही। उन्होंने कहा कि मानवता से बढ़कर कोई सेवा नहीं है। सबसे पहले हमें इंसान बनने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि वह पूरे पूर्वांचल में लोगों को संगठित और एकजुट करने के लिए लगातार इस तरह के कार्यक्रमों का आयोजन करेंगे। बाबा दुबे ने कहा कि हम सबको मिलकर एक स्वस्थ समाज का निर्माण करना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ समाजसेवी रामकृष्ण तिवारी ने की। सम्मानित अतिथियों के रूप में उपस्थित पूर्व सांसद श्याम सिंह यादव, वशिष्ठ नारायण सिंह ,डॉ अशोकमिश्र, डॉ मलय तिवारी ,डॉ मनोज मिश्र, वरिष्ठ पत्रकार शिवपूजन पांडे, स्कूल प्रबंधक पंकज तिवारी, संतोष तिवारी, ठाकुर प्रसाद तिवारी समेत अनेक लोगों ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ साहित्यकार सभाजीत दुबे प्रखर ने किया। कार्यक्रम में विशेष रूप से शामिल होने के मुंबई से आए महाराष्ट्र के पूर्व गृह राज्य मंत्री कृपाशंकर सिंह को आकस्मिक राजनीतिक कारणों से कार्यक्रम के पहले दिल्ली जाना पड़ा। बाबा दुबे को भेजे गए संदेश में उन्होंने कहा कि बढ़ता जातिवाद समाज और देश के लिए सबसे बड़ा खतरा है। इसे मिटाने की दिशा में किए जाने वाले हर प्रयासों के साथ वे हमेशा खड़े रहेंगे। इस अवसर पर उपस्थित गणमान्य लोगों में समाजसेवी वृंदावन पाठक, उद्योगपति एवं समाजसेवी जितेंद्र यादव, एडवोकेट गौरीशंकर मिश्र, पत्रकार कुमार सोबीर,पत्रकार रामदयाल दुबे, भाजपा नेता नरेंद्र उपाध्याय, पत्रकार प्रमोद पांडे, पत्रकार संदीप दीक्षित, अशोक दुबे, सुरेश यादव, समाजसेवी डीएस तिवारी, समाजसेवी विपिन तिवारी, उमा पांडे, डॉ अतुल दुबे, प्रवीण तिवारी, डॉ संजय यादव ,भोला प्रजापति, दीपक मिश्रा, पंकज यादव, नीरज शुक्ला दीपक तिवारी आदि का समावेश रहा। कार्यक्रम के प्रारंभ में प्रख्यात भजन और गजल गायक अवनीश तिवारी तथा लोक गायक दीपक पाठक के मधुर स्वरों में सरस्वती वंदना समेत अनेक गीत प्रस्तुत किए गए।

## वसई मेस्नेहा दुबे का भाजपा शास्त्रीनगर अटल स्मृति कार्यालय पर आगमन



**वसई।** वसई विधानसभा क्षेत्र में इस साल मुख्य मुकाबला तीन नेताओं के बीच होगा। बीजेपी ने वसई से स्नेहा दुबे को उम्मीदवार बनाया है. हितेंद्र ठाकुर के सामने बड़ी चुनौती आने वाली है. इसलिए वसईकर की जनता को 23 नवंबर को ही पता चलेगा कि वे किसके परदा में वोट कर रहे हैं. विवेक पंडित ने 2009 में वसई विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय चुनाव लड़कर जीत हासिल की। उन्होंने बविया के नारायण मानकर को हराया था. इस साल उनकी अपनी बेटियां खड़ी हो गई हैं. आज उन्होंने शास्त्रीनगर में भाजपा के अटल स्मृति कार्यालय का दौरा किया और मराठा समाज, पटेल समाज, केरल समाज के प्रमुख गणमान्य व्यक्तियों से मुलाकात की। वसई तालुक में सेवारत आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, वसई रेलवे स्टेशन के हमाल, बालिंकिट के कार्यकर्ताओं से भी चर्चा की और उनकी समस्याओं को समझा। इस अवसर पर भाजपा महाराष्ट्र प्रदेश, केरल प्रवक्ता उत्तम कुमार ने उनका स्वागत किया। भाजपा महाराष्ट्र प्रदेश केरल प्रवक्ता इस समय प्रेस से बात करते हुए हितेंद्र 8 ठाकुर ने वसई के लिए क्या दिया? यह नागरिकों के सामने बड़ा सवाल है. वसई के विधायक के रूप में वह वसई में कितने दिन बैठते हैं? तुम कहाँ बैठते हो? यह एक शोध का विषय है आज वसई नालासोपारा में अवैध निर्माण बाप-बेटे की वजह से वसई में आ गया है। विधायक के रूप में पिता-पुत्र ने क्या समाधान निकाले? यह कोई बड़ा मजाक नहीं है कि हितेंद्र ठाकुर समृद्धि हाईवे के बाद उप मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस के ड्रीम प्रोजेक्ट कहे जाने वाले 'मेट्रो' प्रोजेक्ट के बारे में बात करें और उसका श्रेय लें। स्नेहा दुबे की उम्मीदवारी ‘बविया मुक्त’ वसई से ‘शंखनाद’ है। हमारा सपना है 'केंद्र में नरेंद्र और राज्य में देवेंद्र'. वसईकर की जनता ने हमेशा कमल को पसंद किया है। नामांकन आवेदन रैली से यह स्पष्ट है कि वसईकर की जनता लोकसभा के बाद फिर से कमल पर भरोसा दिखाएगी। इस बार उन्होंने कहा।

## आम सूचना



श्रीराम अहिरवार उम्र 28 वर्ष, विगत 1 नवम्बर 2024 शुक्रवार से कहीं लापता है। अगर किसी सज्जन को इसके बारे में जानकारी हो तो कृपया कोलसेवाड़ी पुलिस स्टेशन में अथवा मो. नं. 9768055485 पर सूचित अवश्य करें।

## समिति का दीपावली स्नेह मिलन समारोह आयोजित



**चिराना।** प्रगतिशील कुमावत समिति का दीपावली स्नेह मिलन समिति अध्यक्ष रामनिवास उज्जीवाल की अध्यक्षता में गणेश मंदिर लोहार्गल में हुआ। जिसमें उपस्थित सदस्यों व पदाधिकारियों ने राम श्यामा की और स्नेह का तिलकार्चन किया।

जानकारी देते हुए समिति के सचिव अमोलक पारमुवाल ने बताया कि पूर्व नियोजित इस स्नेह मिलन कार्यक्रम में समिति के विकास के बारे में चर्चा की गई तथा शीघ्र ही वर्षा ऋतु में बदरंग पड़ी मंदिर परिसर की सामने की दीवार पर रंग रोगन करने के मंशा जताई गई साथ ही वर्षा के दौरान टपकती छत को भी दुरुस्त कराने की आवश्यकता जताई। कोषाध्यक्ष राजेंद्र घोड़ेला ने समिति में अब तक हुए आय आय व्यव का ब्यौरा सबके समक्ष रखा और बताया कि मेले पेटे खर्च हुए तमाम रुपए चूकती करने के बाद कुल दो लाख छत्तीस हजार छः सौ अस्सी रुपए शेष बचे हैं। इस पर सभी ने हर्ष जताते हुए इस उपलब्धि को सबकी मेहनत का फल बताया। इस दौरान समिति संरक्षक डॉ राजेन्द्र कुमावत,अध्यापक संतोष कुमावत, समिति के उपाध्यक्ष प्रकाश प्रजापति जयपुर,अंकेक्षण मास्टर बिरजू राम कुमावत,लोकतंत्र सेनानी सोनाराम कुमावत,फूलचंद लुहानीवाल,राम प्रताप नेमीवाल,मंदिर पुजारी अमर नाथ मिश्रा व सुशील कुमावत सहित कई जने उपस्थित रहे।

## गुरुनाथ शेळके समाजभूषण पुरस्कार



**वसई रोड।** महाराष्ट्र ग्रामीण पत्रकार संघ की तरफ से वसई वेस्ट उन्नती हॉल में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमे कोकण विभागीय अधिकृत समिती के अध्यक्ष श्रीकांत चालवे, महाराष्ट्र ग्रामीण पत्रकार संघ संस्थापक अध्यक्ष एकनाथ उपस्थित थे। पालघर खासदार डॉक्टर हेमंत सावरा, विधायक राजेश पाटील, ज्येष्ठ साहित्यकार मीनाताई गव्हाणकर, बेसिन कॅथलिक बँक अध्यक्ष बेनोल्ड डायास, सामाजिक कार्यकर्ता डॉक्टर विजय शिरीष, ,भरत जोशी, श्रीकांत चालके की उपस्थिती मे गुरुनाथ शेळके को समाजभूषण पुरस्कार 2024 दिया गया।

## छठ व्रतियों के बीच साड़ी का वितरण

**पटना (उत्तरशक्ति)।** छठ महापर्व उत्सव के अवसर पर कुम्हरार विधानसभा क्षेत्र के कर्मठ, ऊर्जावान एवं आम जन के लिये हमेशा तत्पर रहने वाले जनसेवक एवं वरीय सदस्य भाजपा प्रदेश चुनाव प्रबंधन समिति में सह-प्रभारी का भी दायित्व संभालने वाले सुनील वर्मा द्वारा छठ व्रतियों के बीच साड़ी वितरण किया गया। इस अवसर पर सुनील वर्मा ने छठ - व्रतियों से आग्रह किया की आप लोग भगवान भास्कर से प्रार्थना कीजियेगा कि हमारे देश की उन्नति हो एवं आपसी भाईचारा बनी रहे। इस वितरण समारोह मे मुकेश कुमार सिन्हा, शंकर कुमार सिन्हा, राकेश कुमार वर्मा, अखिलेश सिन्ह तथा अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## बेलीफ फाउंडेशन ने किया डॉ शीतला प्रसाद दूबे का सम्मान



मुंबई। ब्राह्मण समाज की प्रतिनिधि संस्था बेलीफ फाउंडेशन ने प्रमुख प्लाजा आफ अंधेरी पूर्व मुंबई में रविवार को आयोजित दीपावली स्नेह सम्मेलन में महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी के कार्याध्यक्ष डाक्टर शीतला प्रसाद दूबे का भव्य सम्मान किया। डाक्टर दूबे ने अपने वक्तव्य में कहा कि, ‘यह बेलीफ फाउंडेशन नहीं 'बिलीव फाउंडेशन' है। यह संस्था अपने समाज के लिए तमाम फ्री उपक्रम चलाकर सबका विश्वास हासिल कर रही है।’ बेलीफ फाउंडेशन के संस्थापक व चेयरमैन जयनारायण तिवारी ने संस्था के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर हास्य कवि सुरेश मिश्र ने अपनी कविताओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। 'हे पांड़े बाबा काउ कही, ई कवन जमाना आवत बा' सुनकर उत्तर भारतीय श्रोता लोटपोट हो गए। एड्.राजीव मिश्रा व श्रीमती विभा पांडेय की कविताओं पर भी खूब दाद मिली। इस अवसर पर वाली फाउंडेशन के अध्यक्ष दीपक जायसवाल, इंद्रजीत उपाध्याय,उमेश उपाध्याय, देवनारायण तिवारी ने अपने विचार रखे और ब्राह्मण समाज को एकजुट होने की अपील की और फाउंडेशन द्वारा चलाए जा रहे उपक्रमों का फायदा उठाने का आवाहन किया। सम्मेलन में ब्राह्मण समाज के लोग भारी संख्या में उपस्थित थे।

## चोरों ने पूर्व विधायक के घर से22 लाख की नकदी, सहित करोड़ के गहने और उठा ले गए

**जौनपुर।** भदोही जिले के औराई विधानसभा सीट से पूर्व विधायक मधुबाला पासी के आवास को बीती देर रात निशाना बनाया। इनका आवास जौनपुर के रामपुर थाना क्षेत्र के सिधवन बाजार में है। पूर्व विधायक मधुबाला के मुताबिक, चोरों ने 22 लाख रुपये नकद और डेढ़ करोड़ कीमत के गहने पर हाथ साफ किया है। बता दें कि मधुबाला पासी सपा शासनकाल में भदोही के औराई विधानसभा सीट से विधायक रही हैं। इनके पति सीएल सौरभ आईएएस हैं और वर्तमान में रेलवे बोर्ड में निदेशक हैं। मधुबाला अपने परिवार के साथ दिल्ली स्थित आवास पर थीं। रामपुर के सिधवन स्थित इस मकान में उनका भांजा राकेश रहता था। राकेश ने बताया कि मकान के पीछे खिड़की काट कर चोर अंदर घुसे हैं। इसके बाद एक अलमारी में एक बैग था, जिसमें अन्य अलमारी कि चाबी और 50 हजार नकद रखे थे। चोरों ने उसे छोड़ दिया और दूसरे अलमारी में रखे 22 लाख नकद व डेढ़ करोड़ के जेवरात उठा ले गए। इस बाबत सीओ मड़ियाहूं विवेक सिंह ने बताया कि मौके पर पुलिस मौजूद है। जांच की जा रही है। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

## फेसबुक आईडी पर 10 हजार फालोवर्स



**जौनपुर।** जनपद जौनपुर अन्तर्गत रामनगर ब्लॉक के जुड़पर के निवासी राकेश यादव ब्रांड कई सालों से मेहनत करने के बाद फेसबुक आईडी पर 10 हजार लोगों ने प्रमोट किया। जिसके बाद राकेश यादव ने खुशी जाहिर करते हुए सभी फालोवर्स को धन्यवाद दिया। श्री यादव कई सालों से लगातार फेसबुक आईडी से सामाजिक व सांस्कृतिक संदेश को जौनपुर के माध्यम से लोगों तक प्रेशित कर रहा था। जिसके बाद आज उसे सफलता प्राप्त हुई। जिसपर कैमरामैन शकील शेख, भोला यादव, सुभाष वर्मा, मनोज विश्वकर्मा, उमंग यादव, सिंगर चंदन महाकाल पत्रकार सभी लोगों ने ढेर सारा बधाई दिया।

## भाईदूज पर मुलुंड में कुश्ती मुकाबला संपन्न



मुंबई(उत्तरशक्ति)। जय मल्हार कुश्ती उत्सव मंडल, जय हनुमान व्यायाम शाला,मुलुंड सिटीजन चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा लगातार 55 वें वर्ष भाईदूज के पावन पर्व पर कुश्तीयो का जंगी मुकाबला का आयोजन शिवाजी चौक मैदान, मुलुंड कॉलोनी पर किया गया। इस समारोह की शुरूआत पूर्व महापौर स्व. आर आर सिंह द्वारा 55 वर्ष पूर्व इसी स्थान पर की गयी थी। इस अवसर पर प्रमुख अतिथि के रूप में वरिष्ठ समाजसेवी राजनेता बी. के. तिवारी, डॉ बाबूलाल सिंह, के. एन. सिंह, प्रदीप भावनानी, संजय सिंह,किशोर मुंडेकल,राजेश इंगले, उत्तम गीते,दयाशंकर सिंह, डॉ सचिन सिंह संजय मोहिते (ए पी आई ) सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। अतिथियों का सत्कार आयोजक डॉ आर आर सिंह एवं राजन उठवाल ने शाल एवं पुष्प गुच्छ प्रदान कर किया। मुकाबले में भाऊ गोंधाले (कोल्हापुर ), विशाल पाटिल (पुणे ),विशाल चौधरी (भिवंडी ), अथर्व जाधव, संदीप उपाध्याय (मुंबई ),तेजस माली (औरंगाबाद ), संतोष शेडगे (कर्नाटक ) सहित कई नामचीन पहलवानो ने हिस्सा लिया। फाइनल में विशाल चौधरी ने भाऊ गोंधाले को हरा कर विजेता कप एवं इनाम राशि प्राप्त किया। कुश्ती पंच के रूप में कमला यादव, दयाशंकर पाल एवं अजित पलांडे उपस्थित रहे। कमेंट्रेटर उमेश वाणी एवं देवेंद्र (बाबूलाल ) सिंह रहे। कुश्ती मुकाबले के आयोजन में रईस खान रामु जैस्वाल, निक्सन, राम लखन, विपुल गोगरी, रमेश जायसवाल, गया प्रसाद गुप्ता, हर्ष जोशी,जीतू शर्मा, हरिराम वर्मा,अब्दुल जब्बार,संजय घरत, विठ्ठल सातपुते, संतोष सोनावने, संतोष जैसवार, अनिल सिंह, जगदीश सिंह, महेंद्र सिंह का विशेष योगदान रहा।

## उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक ने बिहार में नए आउटलेट्स का विस्तार किया

**जनरबारी, जगन्नाथपुर।** (हसनगंज), मुखियापट्टी और हलसी में नए बैंकिंग आउटलेट्स की शुरूआत की, जिससे देश में कुल 981 बैंकिंग आउटलेट्स और बिहार में 236 आउटलेट्स हो गए हैं। उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड इन क्षेत्रों में सीमित वित्तीय सेवाओं की पहुंच रखने वाले निम्न-आय वाले व्यक्तियों के लिए ‘जेएलजी’ मॉडल के माध्यम से माइक्रो-बैंकिंग ऋण जैसी बैंकिंग सुविधाएं प्रदान करता है। निवासियों और उद्यमियों की वित्तीय बचत, विस्तार और निवेश में मदद करने के लिए विभिन्न वित्तीय उत्पादों और सेवाओं की पेशकश करता है। भागलपुर, मुजफ्फरपुर, बिहारः उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड ने बिहार में जनरबारी (कटिहार), जगन्नाथपुर (हसनगंज, कटिहार), मुखियापट्टी (मधुबनी) और हलसी (लखीसराय) में नए बैंकिंग आउटलेट्स का उद्घाटन करने की घोषणा की। इन लॉन्च के साथ, बैंक ने बिहार में 236 बैंकिंग आउटलेट्स और देश भर में 981 आउटलेट्स तक पहुंच प्राप्त की है। बैंक के प्रबंध निदेशक और सीईओ गोविंद सिंह ने कहा, बिहार में नए बैंकिंग आउटलेट्स का उद्घाटन वित्तीय समावेशन और स्थानीय अर्थव्यवस्थाओं के विकास के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। प्रत्येक स्थान अपनी अनूठी विशेषता लाता है। कटिहार में कृषि जीवंतता के लिए जाने जाने वाले जनरबारी और जगन्नाथपुर (हसनगंज) समुदाय को वित्तीय समाधान से सशक्त बनाने की अपार क्षमता प्रदान करते हैं। मधुबनी में मुखियापट्टी, जो अपने सांस्कृतिक धरोहर और कला के लिए प्रसिद्ध है, कला निमार्ताओं के लिए एक जीवंत केंद्र है, जहां हमारी बैंकिंग सेवाएं छोटे व्यवसायों की वृद्धि को प्रोत्साहित कर सकती हैं। लखीसराय में हलसी, एक ऐतिहासिक क्षेत्र, सामाजिक-आर्थिक उत्थान के लिए आशाजनक अवसर रखता है। आवश्यक बैंकिंग सेवाओं और ‘जेएलजी’ मॉडल के माध्यम से माइक्रो-बैंकिंग ऋण प्रदान करके, हम इन समुदायों की वित्तीय स्थिरता को मजबूत करने और उनके समग्र विकास में योगदान करने का लक्ष्य रखते हैं।

## काशी में एक करोड़ पार्थिव शिवलिंग पूजन का आगाज



-सुरेश गांधी

वाराणसी। विश्व शांति और सनातन धर्म रक्षा के लिए श्री साम्बसदाशिव महादेव सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित एक करोड़ पार्थिव शिवलिंग पूजन की शुरूवात हो गयी है। सोमवार को सहस्त्रलिंग नव्य मंदिर में भव्य एवं दिव्य तरीके से शिवलिंग का पूजन-अर्चन किया गया। इस समारोह में हरियाणा के राज्यपाल बंगारु दत्तात्रेय और यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ को भी आमंत्रित किया गया है।

श्री साम्बसदाशिव महादेव सेवा समिति के अध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक गोली अशोक गुप्ता ने बताया कि काशी के अस्सी स्थित मुमुक्षु भवन में विश्व शांति एवं भारत की खुशहाली के लिए एक करोड़ पार्थिव शिवलिंग का पूजन किया जाएगा। पार्थिव शिवलिंग पूजन के बाद अस्सी स्थित मुमुक्षु भवन में आंध्रप्रदेश के विशेष पत्थर से निर्मित भव्य शिव मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा किया जा रहा है। श्री अशोक गुप्ता ने बताया कि पार्थिव शिवलिंग का निर्माण दर्जनों की संख्या में आंध्रप्रदेश से आये कारीगर कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि 4 से 15 नवंबर तक चलने वाले इस भव्य समारोह में विविध धार्मिक अनुष्ठानों के साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया है। उन्होंने बताया कि इस धार्मिक अनुष्ठान में आंध्रप्रदेश, तेलांगना, तमिलनाडु के आलावा काशी के भी पांच हजार वैदिक ब्राह्मण भाग लेंगे। श्री गुप्ता ने कहा कि इस भव्य धार्मिक आयोजन में यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भी आमंत्रित किया गया है।

## अल्ट्रापोर्टेबल एक्स-रे से एक मिनट में पता चलेगा टीबी है या नहीं



वाराणसी। क्षय रोग से संक्रमित मरीजों को अब 48 घंटे का मंटौक्स टीका, 5 हजार का इंडोस्कोपी, 200 सौ का एक्स-रे, इंटरफेरानगामा रिलीजऐसे व टीबी गोल्ड जैसे जांच से छुकारा मिलने वाला है। जांच के लिए अब सप्ताहभर का इंतजार नहीं करना पड़ेगा। अब अल्ट्रापोर्टेबल एक्स-रे मशीन से एक मिनट में पता चल जायेगा टीबी है या नही। इस मशीन से अब तक 133 जांच शिविरों में 9035 मरीजों की स्क्रीनिंग की जा चुकी है। मुख्य चिकित्साधिकारी संदीप चौधरी ने बताया कि टीबी नियंत्रण के उद्देश्य से शहरी और ग्रामीण इलाकों में अभियान चलाकर इस मशीन से स्क्रीनिंग करायी जा रही है। इसमें अल्ट्रापोर्टेबल हैंड हेल्ड एक्स-रे मशीन से जांच करायी जा रही है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से सोमवार को आयुष्मान आरोग्य मंदिर स्वास्थ्य उपकेन्द्र करघना प्रथम में आयोजित कैम्प में अल्ट्रापोर्टेबल हैंड हेल्ड एक्स-रे मशीन से जांच की गई, जिसकी रिपोर्ट एक मिनट में मिल गई। कैम्प में कुल 180 मरीजों की जांच की गई, जिसमें 19 मरीज टीबी संभावित पाये गये। यह मशीन सेंट्रल टीबी डिवीजन के द्वारा विलियम जे क्लिंटन फाउंडेशन (डबल्यूजेसीएफ) के सहयोग से प्राप्त हुई है। सीएमओ डॉ संदीप चौधरी ने बताया कि टीबी सक्रिय रोगी खोज (एसीएफ) अभियान और टीबी प्रिवेंटिव थेरेपी (टीपीटी) को सुदृढ़ीकरण करने के लिए सरकार की ओर से यह पहल की गई है। जिन जगहों पर अभियान के दौरान सर्वाधिक टीबी रोगी मिले हैं अथवा मिलते हैं, वहां विशेष शिविर लगाकर संभावित लक्षण वाले मरीजों की जांच की जाती है। जिला क्षय रोग अधिकारी (डीटीओ) डॉ. पीयूष राय ने बताया कि इस अवसर पर वर्ल्ड बैंक की टीम द्वारा कैम्प का निरीक्षण किया गयाद्य टीम ने शिवपुर में सीबीनाट टेस्ट की साइट भी देखी, प्रक्रिया की पूरी जानकारी ली, और जनपद वाराणसी में मरीजों की पहचान, जाँच व इलाज में और सुधार के बारे में महतवपूर्ण सुझाव दिये, टीम कल कोनिया और बीएचयू भी जायेगी। डॉ राय ने बताया कि एक्स-रे मशीन से जांच के बाद एक मिनट में रिपोर्ट मिलने से काफी सुविधा हो गई है। टीबी की पुष्टि होने पर संबंधित व्यक्ति का समय से उपचार भी शुरू कर दिया जाता है। मार्च 2024 से इस तरह के कैम्प शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में लगाये जा रहे हैं।